वर्ष 24, अंक 256, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 26 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पाकिस्तान की तरह हम 'दलाल देश' नहीं- एस जयशंकर

## मध्यस्थता के सवाल पर जयशंकर ने दिया टका सा जवाब

**नई दिल्ली**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट पर सर्वदलीय बैठक में नेताओं से कहा कि भारत वैश्विक भू-राजनीति में "दलाल राष्ट्र" की तरह व्यवहार नहीं कर सकता। इस बैठक में अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता में पाकिस्तान की कथित भूमिका पर चिंता व्यक्त की गई। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को संसद में बैठक हुई, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश सचिव विक्रम मिसरी सहित शीर्ष मंत्रियों ने भाग लिया। यह बैठक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के उस बयान के एक दिन बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच सार्थक और निर्णायक वार्ता कराने के लिए "तैयार और सम्मानित" है। एक्स पर एक पोस्ट में शरीफ ने कहा कि दोनों देशों की सहमति से पाकिस्तान व्यापक समाधान के



लिए वार्ता की मेजबानी करने को तैयार है। यह बयान उन खबरों के बाद आया है जिनमें कहा गया था कि पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की के साथ मिलकर पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए गुप्त प्रयास कर रहा है। शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से भी बात की और बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए तनाव कम करने का आह्वान किया।

अमेरिका ने राजनयिक पहल का संकेत दिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शरीफ की पोस्ट को सोशल मीडिया पर साझा करके उनके बयान को और पुख्ता किया। इससे पहले, ट्रंप ने कहा था कि वाशिंगटन तेहरान के साथ "बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत" का हवाला देते हुए ईरानी बिजली संयंत्रों पर संभावित हमलों को पांच दिनों के लिए रोक देगा, हालांकि उन्होंने ईरानी वातार्कार का नाम नहीं बताया। अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टों में बताया गया है कि पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व और खुफिया चैनलों ने बातचीत को सुविधाजनक बनाने में भूमिका निभाई। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने ट्रंप से संपर्क किया, जबकि सीएनएन ने बताया कि अमेरिकी मांगें पाकिस्तानी मध्यस्थों के माध्यम से ईरान तक पहुंचाई गईं।

संघर्ष चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है

अब चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुके इस युद्ध में खाड़ी क्षेत्र में शत्रुता बढ़ती जा रही है। यह संघर्ष 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद शुरू हुआ, जिसमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु हो गई,

जिसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण क्षेत्रीय स्तर पर व्यापक तनाव फैल गया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने संयम बरतने का आग्रह किया है और संभावित वाताओं को लेकर अटकलों से बचने की चेतावनी दी है, यह कहते हुए कि कूटनीति में अक्सर विवेक की आवश्यकता होती है और आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार किया जाना चाहिए।

# मोदी कैबिनेट की अहम बैठक, लिये गये बड़े फैसले

## सबको मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बड़े अहम फैसले लिये गये। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के संशोधित संस्करण और आव्रजन, वीजा तथा विदेशी पंजीकरण एवं ट्रैकिंग योजना को आगे जारी रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने संशोधित क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को वर्ष



2026-27 से 2035-36 तक लागू करने को मंजूरी दी है। इसके लिए कुल 28840 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों को हवाई नेटवर्क से जोड़ना है, जिससे आम नागरिकों को सस्ती हवाई यात्रा उपलब्ध हो सके।

हम आपको बता दें कि इस योजना के तहत 100 नए हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा। इसके लिए लगभग 12159 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इससे देश के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# 'पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से जल्द निकलेंगे और शिप'

**नई दिल्ली**

मिडिल ईस्ट की स्थिति पर डेढ़ घंटे चली ऑल पार्टी मीटिंग में पेट्रोलियम मंत्री और विदेश मंत्री ने विपक्ष के सवालों के जवाब दिए. सरकार ने बताया गया किसी तरह की पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कोई कमी नहीं है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य बनी हुई है.



बैठक में स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोज की स्थिति पर भी चर्चा हुई, जिसे लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता बनी हुई है. सरकार ने बताया कि अभी तक हमारे 4 शिप्स वहां से निकल चुके हैं और कुछ और जल्दी निकलेंगे. ये हमारे लिए बड़ी बात है. कई देशों के शिप अभी फंसे हुए हैं.ह्व इस जानकारी को भारत की कूटनीतिक और रणनीतिक सफलता के तौर पर देखा जा रहा है.

हाल के अंतरराष्ट्रीय तनाव, खासकर ईरान से जुड़े हालात को लेकर भी सरकार ने स्थिति स्पष्ट की. विपक्ष से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जब ईरान के साथ पाकिस्तान की मध्यस्थता का मुद्दा उठा तो सरकार की ओर से बताया गया कि यह प्रक्रिया कोई नई नहीं है।

## संसद में अब 28-29 मार्च को नहीं होगी कोई बैठक

**नई दिल्ली**

**संसद** वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की दिशा में अग्रसर है, क्योंकि इसका लक्ष्य 27 मार्च को वित्त विधेयक 2026 को मंजूरी देना है। यह मंजूरी लोकसभा में सफल पारित होने के बाद मिली है, जिसके बाद अब उच्च सदन में इस पर विचार किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आगामी दिनों के कार्यक्रम में हुए बदलावों के बारे में राज्यसभा सदस्यों को जानकारी दी और सरकार के एजेंडे से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए। हालांकि आम तौर पर शुक्रवार का दिन निजी विधेयकों के लिए आरक्षित होता है।

# दिल्ली: करोल बाग इलाके में बड़ा हादसा

## झंडेवालान मंदिर के पास पलटी डबल डेकर बस, 2 की मौत




**नई दिल्ली**

दिल्ली के करोल बाग इलाके में मंगलवार-बुधवार (24-25 मार्च) की दर्मियानी रात बड़ा हादसा हो गया. करोल बाग में झंडेवालान मंदिर के पास अचानक एक डबल डेकर बस पलट गई. बस में कई यात्री सवार थे जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दो लोगों की दर्दनाक मौत की खबर है.

हादसा देर रात करीब 1.10 के करीब का बताया जा रहा है. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस का संतुलन अचानक बिगड़ा और वह पलट गई. दमकल विभाग के मुताबिक, यह बस राजस्थान से आ रही थी. उन्हें कॉल रात 1 बजकर 10 मिनट पर मिली. इस बस में तकरीबन 25 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर घायल हैं और उनका इलाज पास के अस्पताल में चल रहा है. 2 लोगों की मौत की जानकारी मिली है. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

चकनाचूर हुई बस की खिड़कियां

हादसे के बाद घटनास्थल का दृश्य भयावह था. सड़क पर कांच के टुकड़े बिखरे पड़े थे. यात्रियों के सामान, जूते-चप्पल, खाने पीने की चीजें जमीन पर पड़े थे. बस का फ्रंट मिरर चकनाचूर हो चुका था.

हाई स्पीड में बस होने का दावा

वहां देर रात मौजूद एक ऑटो चालक ने जानकारी दी है कि बस की स्पीड बहुत ज्यादा थी. गोल चक्कर आने से पहले बस 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से जा रही थी. इसके बाद आगे जाकर अनियंत्रित होकर पलट गई. यात्री खुद को बचाने के लिए खिड़कियों से कूद रहे थे. उनके शरीर से खून बह रहा था. पुलिस को सूचित किया गया और उनके आने से पहले से ही लोगों को बचाने की कोशिश की जाने लगी.

JCB के सहारे रस्सी डालकर लोगों को निकाला

एक और ऑटो चालक दीपक ने बताया कि देर रात 1-1.30 बजे यह हादसा हुआ।

# श्रीरामनवमी की तिथि पर राजतिलक

## स्वस्ति वाचन और शंखनाद बनाएंगे आयोजन को खास, बालेंद्र शाह के शपथ ग्रह□ा में दिखेगी हिंदू संस्कृति की झलक

**नेपाल**

**नेपाल** की शोरगुल भरी और भीड़भाड़ वाली राजनीतिक दुनिया में, प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बलेंद्र शाह और उनकी पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का तेजी से उदय एक दुर्लभ राजनीतिक अपवाद है। जहां 2008 के गणतंत्र के दिग्गज एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे थे, वहीं रैपर-इंजीनियर से मेयर बने बलेंद्र शाह ने पारंपरिक चुनाव प्रचार को दरकिनार करते हुए एकांतप्रिय राजनीति का रास्ता अपनाया। 5 मार्च को हुए नेपाल के जनरेशन-जेड के बाद के संसदीय चुनाव में उनकी जीत ने उस वैकल्पिक ताकत को ऐतिहासिक जनादेश दिलाया, जिसमें वे चुनाव से महज छह सप्ताह पहले शामिल हुए थे। पूरे चुनाव



प्रचार के दौरान, शाह ने मुश्किल से तीस मिनट ही भाषण दिए, मीडिया को साक्षात्कार नहीं दिए और खास बात यह है कि उन्होंने कभी भी वोट की अपील नहीं की। काठमांडू के महापौर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राजनीतिक व्यवस्था की उनकी निर्भीक आलोचनाओं ने उस पीढ़ी की भावनाओं को प्रतिबिंबित किया जो पुरानी वैचारिक दलीय राजनीति से ऊब चुकी थी। पच्चीस वर्ष की औसत आयु वाले इस राष्ट्र में बेहतर शासन का वादा करने वाले एक अनुशासित, स्वच्छ सुधारवादी के रूप में शाह की प्रतिष्ठा एक व्यापक जनमानस बन गई। उनकी सोची-समझी चुप्पी ने इन हताशाओं को प्रतिबिंबित किया, जिससे वे परिणाम की चाह रखने वाले मतदाताओं के लिए एक तरह से बाहरी व्यक्ति के रूप में उभरे।

नेपाल के आम चुनावों में बलेंद्र शाह और उनकी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की है। इसके बाद बलेंद्र शाह नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। बलेंद्र शाह का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार, 27 मार्च को राम नवमी के शुभ अवसर पर होगा। शपथ ग्रहण समारोह हिंदू रीति-रिवाजों के अनुरूप संपन्न होगा। नेपाल की राजधानी काठमांडू में इस शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। शपथ ग्रहण समारोह की तिथि शुक्रवार, चैत्र नवरात्रि के दिन श्री राम नवमी के अवसर पर निर्धारित की गई है। यह समारोह स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:44 बजे होगा। गौरतलब है कि राम नवमी के शुभ अवसर पर अयोध्या के राम मंदिर में विशेष पूजा की जाएगी। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास द्वारा भेजे गए शपथ ग्रहण समारोह के निमंत्रण पत्र में पुष्टि की गई है कि बलेंद्र शाह इस शुभ अवसर पर शपथ ग्रहण करेंगे। पिछले साल नेपाल में जनरेशन` की क्रांति हुई थी। इस आंदोलन के चलते वहां की सरकार भंग हो गई थी।

# अग्रिम जमानत मिलने पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पहली प्रतिक्रिया

**उत्तर प्रदेश**

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन उत्पीड़न मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बुधवार (25 मार्च) को अग्रिम जमानत दे दी. इसके बाद आगे की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हम लोग अपने धर्म के कार्य को निरंतर करते चले आ रहे हैं. गौ-माता की रक्षा के कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं. उसी में लगे रहेंगे.

असत्य की हार हमेशा हुई है- अविमुक्तेश्वरानंद

इस समय मठ में कैसा उत्साह है,



इस सवाल पर उन्होंने कहा, "हमारे बटुक लोग बहुत उत्साह में हैं. उन लोगों ने बाजा बजाकर और जयकारा लगाकर प्रसन्नता व्यक्त की." क्या इस फैसले में विरोधियों की हार है, इस पर उन्होंने कहा, "विरोधियों की बात मत करिए. असत्य की हार है. असत्य की हार हमेशा हुई है. सत्य हमेशा जीता है. इसलिए जिसको विजय चाहिए हो उसको ये नीति बना लेनी चाहिए कि मैं सत्य के साथ खड़ा रहूंगा. अंततः विजय उसी की होगी." आपका अगला कदम क्या होगा, इस पर उन्होंने कहा, "इस मुकदमे के बारे में हम कुछ नहीं कहेंगे."

HC का मीडिया के सामने कोई बयान न देने का निर्देश

बता दें कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यौन शोषण के मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को अग्रिम जमानत दे दी।

# शाहजहांपुर में बुलडोजर से तोड़ी गईं शहीदों की प्रतिमाएं, योगी ने लिया संज्ञान

## अधिकारी सस्पेंड

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के शाहजहांपुर के नगर निगम परिसर में अमर शहीदों की प्रतिमाएं हटाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है. शहीद ठाकुर रोशन सिंह, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खान की प्रतिमाओं को हटाने की कार्रवाई के बाद शहर में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है. इस घटना से स्थानी लोगों में आक्रोश फैल गया है.

बुलडोजर से तोड़ी अमर शहीदों की प्रतिमाएं, लोगों में नराजगी

आरोप है कि नगर निगम द्वारा बुलडोजर की मदद से प्रतिमाओं को तोड़ा गया और बाद में उन्हें अन्य स्थान पर डाल दिया गया, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं. इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों में आक्रोश फैल गया है.

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद संज्ञान लिया है. जानकारी के अनुसार, जिस फर्म द्वारा यह कार्य कराया जा रहा था, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है. इसके साथ ही इस परियोजना से जुड़े जेई (जूनियर इंजीनियर) एवं संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.

यूपी में रामनवमी पर दो दिन का अवकाश, 26 और 27 मार्च की रहेगी छुट्टी, सरकारी कार्यालय रहेंगे बंद

'शहीदों की प्रतिमाओं को जैसे के तैसे पुनः स्थापित किया जाएगा'- धर्मेंद्र प्रताप

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शहीदों की प्रतिमाओं को जैसे के तैसे पुनः उसी स्थान पर स्थापित कराया जाएगा।



## यूपी में रामनवमी पर दो दिन का अवकाश, 26 और 27 मार्च की रहेगी छुट्टी, सरकारी कार्यालय रहेंगे बंद

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** में रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ और धार्मिक कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के मौके पर लगातार दो दिनों का अवकाश घोषित किया है. पहले 26 मार्च को अवकाश निर्धारित था लेकिन अब सरकार ने 27 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है. इस निर्णय के बाद प्रदेश में 26 और 27 मार्च दोनों दिन सरकारी कार्यालयों, कई शिक्षण संस्थानों और अन्य सरकारी सेवाओं में छुट्टी रहेगी.योगी सरकार के इस फैसले का मुख्य कारण मंदिरों में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या और धार्मिक आयोजनों का विस्तार बताया जा रहा है. रामनवमी के दौरान प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

## बंगाल चुनाव के लिए BJP ने आरजी कर रेप पीड़िता की मां को दिया टिकट

# 19 प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा चुनाव 2026 के लिए चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं. बुधवार (25 मार्च) को भारतीय जनता पार्टी (इखढ) ने उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है. सूची में 19 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं. आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या की पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ को बीजेपी ने पानीहाटी सीट से उम्मीदवार बनाया है. इससे पहले पार्टी ने पहली लिस्ट में 144



प्रत्याशी और दूसरी लिस्ट में 111 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था. बीजेपी ने कूचबिहार दक्षिण से रथीन्द्र नाथ बोस, राजगंज (एससी) से दिनेश सरकार (हराधन सरकार), इस्लामपुर से चित्रजीत रॉय, हेमताबाद (एससी) से हरिपद बर्मन, इंग्लिश बाजार से अमलन भादुरी, शांतिपुर से स्वपन दास, पानी हाटी से रत्ना देबनाथ को टिकट दिया है. इसके अलावा हावड़ा मध्य से बिप्लब मंडल और उत्तरपाड़ा से दीपांजन चक्रवर्ती को प्रत्याशी बनाया है.

दूसरी लिस्ट में किया था 111 प्रत्याशियों का ऐलान

बता दें इससे पहले पहले बीजेपी ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए 111 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है. पार्टी ने रूपा गांगुली को सोनारपुर साउथ सीट से प्रत्याशी बनाया है. इसके अलावा पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रामाणिक को माथाभांगा से टिकट दिया. पार्टी ने मेक्लिगंज से दधिराम रॉय, मदारीहाट से लक्ष्मण लिम्बु, धुपगुड़ी से नरेश चंद्र रॉय, मयनागुड़ी से कौशिक रॉय, जलपाईगुड़ी से अनंत देब अधिकारी,दार्जिलिंग से नोमन राय, इटाहार से सबिता बर्मन, फरक्का से सुनील चौधरी।

# मां को गाली देने पर चली गोली, जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप

- अवैध तमंचा और कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार
- गांव में तनाव, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कौंधियारा क्षेत्र के डांडी देवरा गांव में पुरानी रंजिश और जमीन विवाद ने मंगलवार शाम हिंसक रूप ले लिया। मां को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी से आक्रोशित युवक ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया।

थाना कौंधियारा अंतर्गत ग्राम डांडी देवरा में मंगलवार शाम करीब 7 बजे अचानक गोली चलने से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, घायल धर्मराज आदिवासी को पहले खेत से बुलाया गया और फिर पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने तमंचे से फायर कर दिया, जिससे धर्मराज गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के पीछे पुराना जमीन विवाद बताया जा रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच पहले से तनाव चला आ रहा था। वहीं, पूछताछ में मुख्य आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि उसकी मां को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से वह बुरी तरह आक्रोशित हो गया था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। प्रभारी कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में थाना कौंधियारा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल यमुनानगर जोन की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अतुल सिंह और उसके साथी शुभम सिंह को देर रात ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से .315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, एससी-एसटी एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

उधर, घायल धर्मराज आदिवासी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और इलाके में लगातार निगरानी की जा रही है।

## कमल नारायण पांडेय निर्विरोध चुने गए मेजा बार एसोसिएशन के आय-व्यय निरीक्षक



**मांडा।** स्थानीय तहसील परिसर स्थित मेजा बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी (सत्र 2026-27) के गठन हेतु चल रही चुनावी प्रक्रिया के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। अधिवक्ता कमल नारायण पांडेय को निर्विरोध आय-व्यय निरीक्षक के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया है।

निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार पांडेय और सहायक निर्वाचन अधिकारी हीरालाल मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आय-व्यय निरीक्षक पद के लिए केवल कमल नारायण पांडेय का ही एकमात्र नामांकन पत्र प्राप्त हुआ था। नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की निर्धारित समय सीमा के भीतर किसी अन्य दावेदार के मैदान में न होने के कारण, उन्हें सर्वसम्मति से इस महत्वपूर्ण पद के लिए निर्विरोध चुन लिया गया है। कमल नारायण पांडेय के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही अधिवक्ता समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। तहसील के अधिवक्ताओं ने उन्हें माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर इस जीत की बधाई दी। अपनी इस उपलब्धि पर आभार व्यक्त करते हुए श्री पांडेय ने कहा, ₹यह जीत समस्त अधिवक्ता साथियों के विश्वास की जीत है। मैं बार एसोसिएशन के वित्तीय लेखों की पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूँगा।



## बाल वाटिका नवआरंभ उत्सव संपन्न

**करछना प्रयागराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पवर में बुधवार को बाल वाटिका नवआरंभ उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें परिषदीय विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान गेंदालाल कुशवाहा ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को समय से विद्यालय भेजें, जिससे उनका समुचित शैक्षिक विकास हो सके। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता शर्मा ने बताया कि इस उत्सव के माध्यम से 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को बाल वाटिका के तहत औपचारिक शिक्षा से जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी प्रारंभिक शिक्षा मजबूत हो सके।

इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती शहला फारूक, शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वित्त विधयक 2025 की पहली बरसी पर पेंशनर्स द्वारा काला दिवस मनाया गया

### बाहों पर काली पट्टी बांध जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन मा.प्रधान मंत्री को भेजा गया

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** वित्त विधयक 2025 में जबरन जोड़े गए वेलिडेशन एक्ट के मुखर विरोध में बहाँ पर काली पट्टी बांध कर पेंशनर्स ने आज काला दिवस मनाया तथा पेंशनर्स ने पहले कोषागार में बैठक कर सरकार पर गंभीरतापूर्वक नाराजगी जताई, फिर कोषागार से रैली निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से मा.प्रधानमंत्री जी को ज्ञापन भेज कर अनुरोध किया कि वित्त अधिनियम के वेलिडेशन एक्ट को समाप्त किया जावे अथवा उसे इस प्रकार संशोधित करने की कृपा की जावे कि वर्तमान पेंशनर्स के हितों की रक्षा हो सके ,और रिटायरमेट की तिथि के अनुसार पेंशनर्स में भेदभाव न होने पावे।

कचहरी पहुंच कर 300 से आधिक पेंशनर्स ने एक सभा की।सभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंडालयुक्त आर एस वर्मा, ने कहा कि यह वित्त अधिनियम बर्तमान पेंशनर्स और अब कर्मचारी जो आगे चल कर पेंशनर्स बनेंगे उनके सबके लिये बड़े खतरे की घंटी है।सरकार पेंशनर्स को बोझ समझती है और वह आगे चल कर पेंशन को धीरे धीरे खत्म करने पर तुली है। ई.पी के मिश्रा ने कहा कि जब हम दुनिया की सबसे बड़ी दस अर्थ व्यवस्थाओं में भी नही थे तब हमें पुरानी पेंशन आदि का लाभ मिलता था लेकिन यह खेद की बात है कि अब जब हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्ता बन गए है तब हमारी सरकार हमे पेंशन देने के दायित्व को धोरे धीरे छोड़ रही है।आर पी पांडे अध्यक्ष सेवा निवृत्त कर्मचारी एव पेंशनर्स संगठन ने कहा आगर सरकार ने अपना रवैया नही बदला तो हम सरकार बदलने पर मजबूर होंग।

आगामी 21 अप्रेल 2026 से पूरे उत्तर प्रदेश मे सरकार बदलने का आंदोलन चलायेंगे।पेंशनर्स की इस सम्मलित सभा मे जी.पी.डब्लू.ए. के अध्यक्ष आर एस वर्मा, पी के मिश्रा, टी एन द्वेवेदी,आर पी पांडे,डर वी के श्रीवास्तव,फरहाना सिद्दीकी, प्रीता बाजपेई,एस पी राय, शिव शंकर सिंह,डॉ गीता सिंह,किरण बाला पांडे,अरुण कुमार,नरपत चन्देल,ओ पी दुबे,साधुशरण उपाध्याय,आर डी कुशवाहा, ए पी सिंह,रमेश कुमार शुक्ला,अरुण मिश्रा, हंस राज मिश्रा,विशेशर उपाध्याय ने भी अपने विचार रखे।एक स्तर से सभी वक्ताओं ने टी ओ आर की शब्दावली तथा पेंनशर्स ने वेलिडेशन एक्ट की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें वापस लेने का अनुरोध किया ।वक्तओ ने कहा कि अगर सरकार वेलिडेशन एक्ट और टी ओ आर को नही बदलती तब पेंशनर्स और उनके परिवार सड़क पर उतर कर वर्तमान सरकार को ही बदलने के लिए एकजुट हो कर संघर्ष करेंगे।

# प्राथमिक विद्यालय तिहैता में छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न

### बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया

**अखंड भारत संदेश**



**करछना प्रयागराज।** कौंधियारा बीआर सी के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय तिहैता में बुधवार को कक्षा पाँच के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि उग्रसेन बिन्द प्रधान बड़गोहना कला व प्रधानाचार्य रश्मि सिंह द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित बिदाई समारोह कार्यक्रम आगे बढ़ाया गाया और मुख्यअथिति द्वारा छात्र एवं छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कक्षा पाँच में उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं आगें की पढाई मन लगा कर पढ़ने के लिए प्रेरित किये । विदाई समारोह आयोजन पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिससे उपस्थित अभिभावक मंत्रमुग्ध हौ कर बच्चों की प्रसंसा किये । विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में प्रधानाचार्य रश्मि सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि मिलना व बिछड़ना जीवन की शाश्वत परिभाषा है । प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ ने छात्र एवं छात्राओं को मंगल तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी।छात्र-छात्राओं को कहा कि राष्ट्र के विकास को अपना लक्ष्य मानकर कार्य करें। सभी छात्र छात्राओं को पढ़ाई जारी रखते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण कर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। विदाई के दौरान छात्र छात्राएं भावुक हो गए।मुख्यअथिति व विद्यालय के प्रधानाचार्य की द्वारा छात्र एवं छात्राओं को टीफिन ड्राईनबाक्स डायरी और पेन देकर पुरुस्कृत किया गया। बिदाई समारोह को संपन्न किया गया। चैत्र नवरात्रि के पावनपर्व पर प्रधानाचार्य द्वारा नव देवी स्वरुप नौ कन्याओं का भोजन करा कर गिप्ट दे कर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर एसएमसी अध्याक्ष सियराम, उपाध्याक्ष राधा देवी, सदस्य लालमणि, संतरा देवी, आशा देवी, रन्नु देवी, राजपति देवी, सुनीता देवी, लालती देवी, वकील एवं विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

## काली मां मंदिर में गूंजे जयकारे, गौड़ समाज ने ध्वज चढ़ाकर टेका माथा



**मांडा।** चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को क्षेत्र में भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। जहां हर साल की तरह इस वर्ष भी मांडा खास चौराहे स्थित काली मां मंदिर परिसर में गौड़ समाज के लोगों ने गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकालकर माता रानी के दरबार में ध्वज चढ़ाया और माथा टेका। नवरात्र के इस पावन अवसर पर माता रानी की स्कंदमाता स्वरूप में पूजा की गई। भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जुलूस निकाला, जिसमें दर्जनों की संख्या में शामिल लोगों ने ह्लजय माता दीह्व के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना दिया। यह भव्य आयोजन लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, मांडा के पूर्व लिपिक अमर नाथ गौड़ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जुलूस मंदिर परिसर पहुंचा, जहां विधि-विधान से माता काली का पूजन-अर्चन किया गया और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में पंडा मुंदर माली, ब्लॉक कर्मचारी महेश गौड़, पारस नाथ गौड़ (नंदु), चुन्नी लाल गौड़, शंकर लाल गौड़, दयाशंकर गौड़, बबलू गौड़, सल्ले गौड़, रमेश गौड़, रोशन लाल गौड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और माता रानी के दरबार में अपनी आस्था प्रकट की।

# राजकीय कुष्ठ कर्मचारी संघ की जिला शाखा का निर्वाचन संपन्न

### पुरानी कार्यकारिणी पर जताया भरोसा



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में राजकीय कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ की जिला शाखा का द्विवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें सदस्यों ने सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को ही पुनः जिम्मेदारी सौंपी। प्रयागराज में राजकीय कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा का द्विवार्षिक निर्वाचन बुधवार को जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया जिला कुष्ठ अधिकारी की देखरेख में शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी पर विश्वास जताते हुए उन्हें ही आगे भी जिम्मेदारी निभाने का निर्णय लिया। संघ के पदाधिकारियों को उनके पूर्व दायित्वों के अनुरूप कार्य जारी रखने की जिम्मेदारी दी गई। निर्वाचित पदाधिकारियों में राजकुमार गुप्ता को अध्यक्ष, शिव कुमार को मंत्री, भूपेश कुमार को उपाध्यक्ष, निखिल खत्री को कोषाध्यक्ष तथा हिंछ लाल को संगठन मंत्री बनाया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखते हुए कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# नैनी पुलिस ने नकबजनी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकबजनी के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शनि उर्फ दिलेश्वर पुत्र स्व. कौशल निवासी झोपड़ पट्टी मिंटो पार्क थाना कीडगंज स्थायी पताः ग्राम महुलार, थाना लालगंज, जनपद मिजार्पुर को 24 मार्च को मुखबिर की सूचना पर कीडगंज क्षेत्र स्थित एक कबाड़ की दुकान से गिरफ्तार किया गया।




पुलिस ने बताया कि यह मामला 9 मई 2024 का है जब विवेक नगर नैनी निवासी किशोर कुमार वैश्य ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखा सामान और लैपटॉप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना नैनी में मुकदमा अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने बहकावे में आकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी आपराधि के मामले दर्ज हैं जिनमें थाना नैनी और थाना पुरामुफ्ती में पंजीकृत मुकदमे शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, उपनिरीक्षक श्रीराम उपाध्याय और उपनिरीक्षक आशीष यादव शामिल रहे। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सहसों में कक्षा 5 व 8 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन संपन्न, जल्द जारी होगा परीक्षाफल



**सहसों।** विकासखंड सहसों में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 की वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य बुधवार को सुचारु रूप से संपन्न हुआ। कक्षा 8 की कॉपियों का मूल्यांकन प्राथमिक विद्यालय थानापुर परिसर में किया गया, जबकि कक्षा 5 की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच न्याय पंचायत स्तर पर स्थित विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा के निर्देशन में शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य हेतु लगाई गई थी। निर्धारित समय पर पहुंचे शिक्षकों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ कॉपियों का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया। पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विद्यालय के बजाय अन्य विद्यालयों की उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने के बाद शीघ्र ही परीक्षाफल तैयार कर छात्रों को वितरित किया जाएगा। इस प्रक्रिया से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्सुकता बनी हुई है।

# सरसेंडी विद्यालय में नवारंभ बाल वाटिका प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



**बारा, प्रयागगज।** ब्लॉक जसरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसेंडी में ह्यनवारंभ बाल वाटिका प्रवेश उत्सवह्न का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित नन्हे बच्चों का तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर एवं स्वागत गीतों के साथ भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुब्बारों, पोस्टरों और शैक्षिक सामग्री से सुसज्जित रहा, जिससे बच्चों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन से हुई, जिसके बाद विद्यालय के शिक्षकों एवं अतिथियों ने बच्चों का परिचय लिया और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। वरिष्ठ शिक्षक सरोज सिंह यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बाल वाटिका के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने की अपील की।

इस अवसर पर अभिभावकों के साथ नोडल प्रीति श्रीवास्तव एजुकेटर शशि यादव आदि ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रयागराज में किसानों का बढ़ता असंतोष: भूमि अधिग्रहण और सर्किल रेट को लेकर प्रशासन से कई दौर की वार्ता

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिले में भूमि अधिग्रहण, सर्किल रेट में अनियमितता और ग्रीन बेल्ट घोषित करने जैसे मुद्दों को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष (युवा) अनुज सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ता का सिलसिला जारी है।

अब तक तीन चरणों में बातचीत हो चुकी है। दो दिन पहले एक अहम बैठक हुई थी, जबकि बुधवार को दो चरणों में विस्तृत वार्ता संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, डीआईजी अजय पाल शर्मा, एडीएम, एसडीएम समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही भूमि अधिग्रहण से प्रभावित गांवों के प्रधान और प्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं।

वार्ता में किसानों ने सर्किल रेट में भारी अंतर, जबरन भूमि अधिग्रहण और ग्रीन बेल्ट घोषित करने के फैसलों पर कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि बिना सहमति और संवाद के लिए जा रहे फैसलों से उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है और गांवों में असंतोष बढ़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन ने स्पष्ट किया कि किसानों की सहमति के बिना किसी भी कीमत पर भूमि अधिग्रहण स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन ने सर्किल रेट को बाजार मूल्य के अनुरूप संशोधित करने और ग्रीन बेल्ट के निर्णय पर पुनर्विचार या उसे निरस्त करने की मांग भी उठाई। इस दौरान जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसानों की सहमति के बिना किसी की भूमि अधिग्रहित नहीं की जाएगी। हालांकि, संगठन ने इस आश्वासन को जमीन पर लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगा।

इधर, 28 मार्च को प्रस्तावित किसान क्रांति महापंचायत की तैयारी को लेकर 26 मार्च को सुबह 11 बजे झलवा स्थित यूनियन कार्यालय पर बैठक बुलाई गई है। इसमें आगे की रणनीति और आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

# मां ने अपनी किडनी देकर बचाई बेटे की जान प्रयागराज में हुआ पहला गुर्दा प्रत्यर्पण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में पहला सफल गुर्दा प्रत्यर्पण बुधवार को एसआरएन अस्पताल में किया गया। मां ने अपनी किडनी देकर बेटे की जान बचाई है। गुर्दा प्रत्यर्पण की प्रक्रिया करीब एक माह से चल रही थी। गुर्दा प्रत्यर्पण कमेटी की अनुमति मिलने के बाद यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप चौरसिया के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने सफल गुर्दा प्रत्यर्पण किया। जिले में पहला गुर्दा प्रत्यर्पण किया गया। मोती लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज (एसआरएन) में ट्रांसप्लांट ऑथराइज्ड कमेटी ने मरीज और दान दाता (मां-बेटे) को मंजूरी देने के बाद ट्रांसप्लांट किया गया। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एक माह से इसकी तैयारी कर रहा था। एमएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व गुर्दा प्रत्यारोपण कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वीके पांडेय की अध्यक्षता में किडनी ट्रांसप्लांट ऑथराइज्ड कमेटी की बैठक हुई।इस दौरान कमेटी के सदस्यों में मौजूद पूर्व आईजी केपी सिंह, एडवोकेट आनंद सिंह, डॉ. जितेंद्र शुक्ला, डॉ. शांति चौधरी, ट्रांसप्लांट क्वाडिनेटर नर्स प्रीति और सुषमा ने मरीज और दान दाता (मां-बेटे) और उनके परिजनों का सत्यापन किया। दस्तावेज जांचने के साथ वीडियो रिकार्डिंग के जरिये सभी का बयान दर्जन किया गया। जिसके बाद कमेटी ने ट्रांसप्लांट को मंजूरी दी। एसआरएन यूरोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप चौरसिया के नेतृत्व में डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. संतोष मौर्य और डॉ. सौम्या गुप्ता की टीम ने किडनी का सफल प्रत्यर्पण किया। पहले इसके लिए लोगों को दिल्ली, मुंबई आदि शहरों में जाना पड़ता था।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को मिली अग्रिम जमानत कोर्ट ने कहा- मीडिया में नहीं देंगे साक्षात्कार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके सहयोगी मुकुंदानंद गिरी को यौन शोषण मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने आवेदकों, पीड़ितों और शिकायतकर्ता तीनों पक्षों को इस मामले के लंबित रहने तक मीडिया में कोई भी साक्षात्कार देने पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकलपीठ ने दिया है। स्वामी आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य और मुकुंदानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग में बीएनएसएस की धारा 173 (4) के तहत विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) के समक्ष आवेदन किया था।आरोप था कि जनवरी 2025 (महाकुंभ) से फरवरी 2026 (माघ मेला) के बीच प्रयागराज में दो किशोरों के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। विशेष न्यायाधीश के आदेश पर झुंसी थाने में विभिन्न आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में शंकराचार्य व अन्य ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी।याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि यह प्राथमिकी केवल स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की छवि खराब करने के उद्देश्य से दर्ज कराई गई है। पीड़ितों का उनके आश्रम या स्कूल से कभी कोई संबंध नहीं रहा। याची पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। वहीं, शिकायतकर्ता व राज्य के अधिवक्ता ने अर्जी का विरोध किया।कोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में डॉक्टर ने यौन हमले की संभावना से इन्कार नहीं किया। एफएसएल रिपोर्ट मांगी गई है। इससे स्पष्ट होता है कि डॉक्टर की ओर से पीड़ित पर यौन उत्पीड़न की बात नहीं कही गई है। हाईकोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि दोषसिद्धि की यह धारणा आरोप तय होने से पहले जमानत के चरण में लागू नहीं की जा सकती। अदालत ने यह भी माना कि विशेष परिस्थितियों में आवेदक अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं, भले ही उन्होंने पहले सत्र न्यायालय में आवेदन न किया हो। इसी के साथ कोर्ट ने दोनों आवेदकों को 50,000 रुपये के निजी मुचलके और दो प्रतिभूतियों पर अग्रिम जमानत दे दी।

# देवरा डीह में नवप्रवेशोत्सव का आयोजन, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**प्रयागराज।** कौंधियारा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय देवरा डीह स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बुधवार को नवप्रवेशोत्सव का शुभारंभ वाग्वादिनी पूजन और आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ एआरपी नीरज मिश्र ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हरिशंकर तिवारी (बब्बू भैया) व चंद्र किशोर मिश्र समेत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं के महत्व और लाभ पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षक संघ अध्यक्ष अनिमेष श्रीवास्तव ने अभिभावकों से सहयोग की अपील की। नोडल शिक्षिका शालिनी ने आभार जताया, वहीं ममता मैम व सहायिका नीलम मिश्र ने बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अंत में अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कृत कर मिष्ठान वितरित किया। संचालन बद्री प्रसाद मिश्र ने किया।

# दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में डीवीए की वार्षिक बैठक आयोजित

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रभात कुमार राय की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अधिवक्ता सुशील कुमार मिश्र ने संभाली कमान बैठक को किया संबोधित

अखंड भारत संदेश



दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल सभागार में डीवीए की वार्षिक बैठक को संबोधित करते सुशील मिश्रा

**मेजा।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन प्रयागराज के साधारण सभा के 2025 - 26 की वार्षिक बैठक स्थानीय मेजारोड स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज गोसौरा कलां के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें भारी संख्या में एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थित विभिन्न पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रभात कुमार राय की उपस्थिति नगण्य रही तथा किन्हीं अपरिहार्य कारणों से अध्यक्ष महोदय की गैर मौजूदगी में सर्वसम्मति से एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, (अधिवक्ता उच्च न्यायालय) ने सभा की अध्यक्षता की। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव आरपी शुक्ला ने समिति की पिछली कार्यवाही बीते 22 मार्च 2026 एवं गत माह संपन्न हुई आम सभा की चुनावी मीटिंग 7 फरवरी 2026 की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। जिसका अनुमोदन बुधवार की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से किया गया। तत्पश्चात उसी क्रम में एसोसिएशन के महासचिव महोदय ने विभिन्न उप समितियों द्वारा रखे गए प्रस्ताव को सभाध्यक्ष महोदय की अनुमति से वार्षिक आख्या प्रस्तुत किया। जिसके क्रम में कई खेल प्रेमियों ने सभा के समक्ष एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष केबीएल श्रीवास्तव ने वर्तमान सत्र 2025 - 26 के आय-व्यय का ब्यौरा मदवार प्रस्तुत किया, जिसका अनुमोदन किया गया। अंत में सभाध्यक्ष महोदय की अनुमति से क्रमशः अन्य कई विषयों पर भी प्रस्ताव प्रस्तुत किये गए, जिसपर विचार विमर्श के पश्चात आगामी सत्र में संचालित किए जाने का संकल्प लिया गया। अंत में सभाध्यक्ष महोदय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा के समापन की घोषणा की।

# नैनी में नौ दिवसीय अखंड श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन, राम नवमी पर होगा विशेष कार्यक्रम

**नैनी।** नैनी बाजार स्थित श्री राम जानकी मन्दिर सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दिवसीय अखंड श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम 27 मार्च 2026, शुक्रवार से प्रारंभ होकर 4 अप्रैल 2026, शनिवार दोपहर तक चलेगा। आयोजन समिति के अनुसार, राम नवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष कीर्तन का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए भजन-कीर्तन के साथ-साथ धार्मिक वातावरण का सृजन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु एवं भक्तगण बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आयोजन में स्थानीय व्यापारीगण एवं मंदिर में आने वाले भक्तों का विशेष सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम के सहयोगियों में प्रमुख रूप से प्रबंधक त्रिभुवन चौरसिया, पुजारी नंदू महाराज, लखन लाल केशरवानी नेता जी, संजय राठौर, राजेश जायसवाल, अनिल चौरसिया (पार्वती होजरी) शंकु चौरसिया, मंकू चौरसिया, सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, ट्रस्ट की ओर से आगामी वर्ष 2027 में एक सामाजिक पहल के तहत गरीब एवं अनाथ कन्याओं के विवाह का आयोजन करने की भी घोषणा की गई है, जिसमें जनसहयोग की अपील की गई है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नैनी क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

# मुझे खुशी है कि आत्मनिर्भर भारत में हमारी बेटियां बढ़ रही हैं आगे : गंगा प्रसाद मिश्र

## यूपी सरकार के कार्यकाल का नौ साल पूरा होने पर विकास योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को लेकर सेवा,सुरक्षा और सुशासन के तहत ब्लाक कैंपस सभागार में कार्यशाला आयोजित

**पंचायत में विकास योजनाओं के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ ग्राम सचिव संजय शुक्ला, मो. हामिद, श्याम सूरत और प्रधान प्रतिनिधि मुरारी यादव हुए सम्मानित**




कार्यशाला को संबोधित करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र



प्रदर्शनी का अवलोकन करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व ब्लाक के अधिकारी गण

**मेजा।** सेवा, सुरक्षा और सुशासन के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूरे होने पर संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं उपलब्धियों को लेकर बुधवार को बीडीओ मेजा अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मेजा प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया।

उल्लेखनीय है कि मेजा ब्लाक कैंपस के सभागार में आयोजित कार्यशाला में यूपी सरकार के सेवा,सुरक्षा और सुशासन के नौ साल की अवधि को बेमिसाल बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आजीविका समूह की महिलाओं और ग्राम सचिवों को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने सरकार की संचालित योजनाओं पर विस्तार से फोकस किया और कहा कि सरकार का नौ साल पूरा होने में महिलाओं का सर्वाधिक योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि नौ साल पहले भी सरकारें थी लेकिन वर्तमान सरकार में ही प्रत्येक महिलाओं को काम मिला है।श्री ने आगे कहा कि सरकार चाहती है कि विकास संबंधी कार्यों में हमारी बेटियां आगे बढ़े। उन्होंने आंगनवाड़ी और समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि मुझे खुशी है कि आत्मनिर्भर भारत में हमारी बेटियां अपना उल्लेखनीय योगदान देकर जहां आगे बढ़ रही हैं वहीं समाज को भी जागरूक कर रही हैं। श्री मिश्र ने देश के पीएम और यूपी के सीएम द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया और उनका आभार जताते हुए कहा कि नौ सालों में सुशासन हम सभी के जीवन में बदलाव लेकर आया है। इसी क्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ मेजा अमित कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट करते हुए सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गंगा प्रसाद मिश्र ने मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत महिलाओं एवं पुरुषों को स्वीकृति पत्र भी वितरण किया जिसमें अंजनी देवी पत्नी जय सिंह, निशा देवी,सुनीता देवी, संगीता पत्नी लालबहादुर, कमाल सिंह,रमाशंकर पाल, अनीता देवी, राजकुमार, उर्मिला देवी, नंदलाल, अनीता पत्नी सुनील कुमार, सविता, कमलेश गुड्डी पत्नी विनोद, सोनी पत्नी डाक्टर और गीता पत्नी सूर्यलाल शामिल हैं। इनमें सीएम आवास पाने वाले सर्वाधिक लाभार्थी ग्राम पंचायत कुर्की कला के निवासी हैं। गौरतलब है कि कुर्की में प्रधान प्रतिनिधि मुरारी यादव और ग्राम सचिव मो. हामिद द्वारा पात्र लोगों को सर्वाधिक आवास का लाभ देने पर कार्यशाला में उन्हें प्रमुख प्रतिनिधि और बीडीओ मेजा ने बधाई देते हुए सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त पंचायत में विकास योजनाओं के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ ग्राम सचिव संजय शुक्ला, श्याम सूरत और ब्लाक आफिस के कंप्यूटर ऑपरेटर राजमणि को भी बधाई देते हुए उन्हें मंच पर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मेजा की सहायक सीडीपीओ श्रीमती निर्मला कुमारी के नेतृत्व में कैंपस में प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत गड़ेवरा के प्रधान अनिल शुक्ला ने किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय और जेईआरईडी अनिल कुमार धुर्वे, मयंक शुक्ला, सचिव भाग्यभूषण, शिवांगी पांडेय, राजीव कुमार मिश्रा तथा विकास जायसवाल आदि के अलावा बड़ी संख्या आंगनवादी कार्यकत्री और समूह की महिलाएं प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# प्राथमिक विद्यालय बिगहियां में नव आरंभ उत्सव मनाया गया

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** विकास खंड सोरांव के प्राथमिक विद्यालय बिगहियां में बालवाटिका नव आरंभ उत्सव पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्रा महक द्वारा वीणा वादिनी वर दे सरस्वती वंदना एवं छात्र सहज द्वारा हरि गिरि नंद नंदन की सुंदर प्रस्तुति दी गई जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सरस्वती वंदना के पश्चात एआरपी रीता शर्मा एवं समस्त शिक्षकों द्वारा ढोलक की ताल पर सामूहिक प्रेरणादाई गीत नव आरंभ की आई बेला, खुशियों से सजा है ये मेल प्रस्तुत किया गया। जिसने कार्यक्रम को उत्सव का रूप दे दिया और उपस्थित अभिभावकों व बच्चों में नई ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा उपस्थित अभिभावकों एवं मातृशक्ति का बैच अलंकरण, तिलक एवं पुष्प देकर सम्मान किया गया। समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निमंत्रण पत्र वितरित किए गए तथा आंगनबाड़ी बच्चों की सूची प्रधानाध्यापिका को सौंपी गई। जिससे बालवाटिका में नामांकन को बढ़ावा मिल सके।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खेल कॉर्नर, बाल पोर्टफोलियो, कला कोना, लर्निंग कॉर्नर, गतिविधि कॉर्नर एवं अभिनय कोना आकर्षक रूप से सजाए गए। बच्चों से बालू पर लेखन कार्य कराया गया तथा खेल-खेल में सीखने की विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं, जिससे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की सक्रिय सहभागिता विशेष आकर्षण रही। माताओं के साथ पासिंग पास गेम एवं चिट गेम आयोजित किया गया जिसमें माताओं ने अपने बचपन की यादें साझा कीं, कहानी सुनाई तथा यह बताया कि वे अपने बच्चों को विद्यालय क्यों भेजना चाहती हैं। इससे विद्यालय और समुदाय के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित हुआ और अभिभावकों में उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका अल्पना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बालवाटिका बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी है और अभिभावकों के सहयोग से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। एआरपी रीता शर्मा ने कहा कि नव आरंभ उत्सव का उद्देश्य हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना, खेल-खेल में सीखने का वातावरण तैयार करना तथा समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं सक्रिय अभिभावकों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा सभी उपस्थित अभिभावकों, माताओं एवं बच्चों को जलपान कराया गया, जिससे कार्यक्रम का समापन उत्सवपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसमें माधुरी गुप्ता, अंकित पांडे, कल्पना देवी, निवेदिता, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शकुंतला एवं ई सी सी ई एजुकेटर रितिका पांडे सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। बड़ी संख्या में माताएं, बहनें एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

# मेजा में भाजपा नेतृत्व की खल रही है कमी जनता फिर से कमल खिलाने को है बेताब : प्रेमशंकर सिंह

## वरिष्ठ भाजपा नेता ने प्रयागराज के मेयर गणेश केशरवानी से मुलाकात कर विधान सभा चुनाव में पार्टी की हार पर जताई चिंता कहा शहर की अपेक्षा मेजा क्षेत्र में थम गया है विकास का पहिया

अखंड भारत संदेश



प्रयागराज के मेयर गणेश केशरवानी से मुलाकात करते मेजा के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह

**मेजा।** प्रयागराज के महापौर गणेशचंद केशरवानी व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेमशंकर सिंह के बीच पार्टी राजनीति और शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा हुई। नगर निगम कार्यालय में हुई मुलाकात और चाय पर हुई चर्चा में यमुनापार क्षेत्र खास कर मेजा की राजनीतिक दिशा और दशा को लेकर विस्तृत वार्ता हुई है। उल्लेखनीय है कि मेजा क्षेत्र के छतवा गांव के सक्रिय भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने मेयर श्री केशरवानी से क्षेत्र के वर्तमान राजनीतिक स्वरूप और भाजपा की जमीनी हकीकत पर चर्चा की गई। श्री सिंह ने बताया कि मेजा में विधान सभा चुनाव में पार्टी को हार मिली थी। स्व नीलम करवरिया बहुत कम मतों से चुनाव हार गई थीं लेकिन क्षेत्र की जनता उन्हें आज भी याद करती है।उनके स्वभाव व्यवहार की चर्चा प्रत्येक कार्यक्रमो में होती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता एक भूलकर पछता रही है। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास थम गया है। वर्तमान विधायक का विरोध उनकी पार्टी के समर्थक ही कर रहे हैं और मंच लगाकर अपने ही विधायक को कोस रहे हैं। भाजपा नेतृत्व की कमी क्षेत्र के लोगों को खल रही है। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता यहाँ फिर कमल खिलाने के लिए बेताब है। उन्होने कहा कि शहर की तुलना में देखा जाय तो मेजा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। उन्होने महापौर से आग्रह किया है कि क्षेत्र में पार्टी कार्यक्रमों से जुड़कर लावारिस पड़े क्षेत्र के कार्यकताओं का उत्साह बढाते हुए भविष्य के बड़े चुनावों के लिए सक्रिय करने में सहयोग करें। उन्होने श्री केशरवानी से क्षेत्र के नगर पंचायतों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया है।श्री सिंह यह भी कहा कि जब कस्बे और बाजार सजेंगे तो इसका संदेश पार्टी को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाकर सहयोगियों के साथ कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाने की मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं जिसमें आपका सहयोग बेहद अहम साबित होगा।

# विभागों की लगायी गयी प्रदर्शनी को आमजनमानस ने सराहा

## सूचना विभाग के कलाकारो व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**






**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्षह्न संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि पूरे होने व केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं आमजनमानस को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

विधायक सदर ने पत्रकार वार्ता के दौरान नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बताया कि लोगों के बेहतर आवागमन हेतु कई सेतुओं का निर्माण कराया गया जिसमें जिरियामऊ, बकुलाही, करौंदी, गंगा नदी घाट पर एक्स्ट्रा डोज्ड केबल स्टे सेतु आदि है। उन्होने बताया कि जनपद में मेडिकल कालेज, 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय, बैरमपुर सुवंशा में 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कराया गया है। जनपद में राजकीय पालीटेक्निक, आईटीआई, माध्यमिक विद्यालय चलाकपुर, कस्तूरबा गांधी, राजकीय इण्टर कालेज, डिग्री कालेज, नगर पालिका परिषद बेल्हा में 50 टी0पी0डी0 के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट का निर्माण, मण्डी परिषद का आधुनिकीकरण, आवासीय एवं अनावसीय भवनों का निर्माण, पुलिस थानों का निर्माण कार्य कराया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनधियों द्वारा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के तहत बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। वहीं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृतिध्प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। ओ-लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण पत्र, निःशुल्क ग्रामोद्योगी टूल-किट्स पॉपकार्न मेकिंग मशीन के लाभार्थियों को पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण, मुख्यमंत्री युवा विकास उद्यमी अभियान योजना के लाभार्थियों को डेमो चेक, दिव्यांगजनो को ब्लान्ड स्टिक का वितरण सहित अन्य योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेले में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग व अन्य विभिन्न विभागों की लगायी गयी प्रदर्शनी में जनसामान्य को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी दयाराम यादव ने बताया कि नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन सभागार में 18 मार्च को कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था जिसमें समस्त तहसीलों व जिला मुख्यालय पर सकुशल कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होने कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में समस्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व मीडिया बन्धुओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस व धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

## न्यूज झरोखा

### शार्टसर्किट से लगी आग से गृहस्थी राख

**प्रतापगढ़।** शार्टसर्किट से लगी आग से गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे नेवली रेहुआ गांव निवासी शिवराम सिंह के घर में बुधवार की भोर में करीब चार बजे शार्टसर्किट से आग लग गयी। घटना के समय परिवार के सदस्य सो रहे थे। अचानक ग्रामीणों का शोरगुल सुनकर परिवार के सदस्यों की नींद टूटी तो घर में आग लगी देख अवाक रह गये। लोगों ने बाहर भागकर जान बचाई। आग की लपटों को देख ग्रामीण वहां पहुंचे और आग बुझाने मे जुट गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पीड़ित के गृहस्थी के सामान व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गये थे। वहीं आगजनी से घर की दीवारे भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

### फरियादी से अभद्रता करने वाले चैकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खंगाल गांव निवासी दुर्गेश शर्मा रोजी-रोटी के लिए महाराष्ट्र के मुंबई शहर में रहता है। पखवाड़ा भरपूर उसे यह फोन पर ज्ञात हुआ कि उसके घर में चोरी हो गई। आने के बाद उसे शक था कि आसपास के कुछ युवक जो नशा करते हैं उन लोगों ने उसके घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर से बर्तन गहने नगदी व राशन समेत अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। जिसकी नामजद शिकायत उसने कर दी। आरोप है कि पुलिस द्वारा जांच के नाम पर उसे दौड़ाया जाता रहा। मंगलवार की शाम जब वह अपनी पत्नी के साथ शिकायत की बाबत चैकी पर पूछताछ करने गया तो आरोप है कि उसे देखते ही चैकी इंचार्ज उसे गालियां देना शुरू कर दिया। उसे कालर पड़कर चैकी से धक्का देकर बाहर भगा दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो को एसपी ने बुधवार को संज्ञान में लेते हुए पृथ्वीगंज चैकी इंचार्ज अजय आंचल को लाइन हाजिर कर दिया। शिकायतकताओं से विवाद का चैकी इंचार्ज अजय आंचल का पुराना नाता रहा है। आसपुर देवसरा थाने में तैनाती के दौरान रामपुर बावरिया गांव में शिकायतकर्ता से उनकी मारपीट हो गई थी। जिसमें आक्रोशित ग्रामीणों ने उनकी वर्दी तक फाड़ डाली थी।

### जमीनी विवाद में देवर ने भाभी को पीटा, हालत गंभीर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के ठनेपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर देवर द्वारा भाभी की पिटाई का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह विवादित जमीन पर छप्पर रखा जा रहा था, जिसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विरोध करने पर देवर ने भाभी को लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला मनीषा देवी को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मामले में उपनिरीक्षक अनीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की ओर से मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### हर्रई पट्टी में अराजक तत्वों का तांडव, कई राउंड फायरिंग से दहशत

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के हर्रई गांव में बुधवार को अराजक तत्वों ने दिनदहाड़े कई राउंड फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। गांव निवासी आशीष श्रीवास्तव पुत्र रामचंद्र श्रीवास्तव, जो गुमटी में किराने की दुकान चलाते हैं, को हमलावरों ने निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार सुबह बाइक से आए 6-7 युवक अपनी गाड़ियां कुछ दूरी पर खड़ी कर दुकान की ओर बढ़े और अचानक हवाई फायरिंग शुरू कर दी। उस समय दुकानदार दुकान के अंदर मौजूद था। आरोप है कि हमलावरों ने उसे लक्ष्य कर भी फायर किया, लेकिन अंदर होने के कारण वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग के बाद कुछ हमलावर दुकान पर पहुंचे और सामान में जमकर तोड़फोड़ कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पट्टी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं दोपहर में क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने भी मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पीड़ित ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सेतापुर गांव में आर्थिक तंगी से परेशान एक अधेड़ ने बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेतापुर गांव निवासी रामराज चैरसिया (50) तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे और गांव में रहकर खेती-किसानी करते थे। बुधवार दोपहर उनका भाई राम फकीर चैरसिया गांव के बाग में गया, जहां उसने देखा कि रामराज बांस की कोट में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फंदे से लटके हुए हैं। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची देवसरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई राम फकीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या करने की बात कही है। थानाध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## दहेज हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी




**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर हुई युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार वादी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि 23 मार्च 2026 को ससुरालीजनों ने उसकी पुत्री की हत्या कर दी। मामले में थाना आसपुर देवसरा में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा राकेश कुमार चैरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। उपनिरीक्षक हरीन्द नारायण राय मय टीम क्षेत्र में चेकिंग व वांछित अभियुक्तों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के पांचों तालाब के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में बृजेश वर्मा उर्फ राहुल, गोवर्धन वर्मा एवं श्रीमती देवी निवासी ग्राम पूरे दलपत शाह थाना आसपुर देवसरा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# गांव-शहर में पानी, तालाब और गौशालाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जनपद में ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी दयाराम यादव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पेयजल आपूर्ति, हीटवेव से बचाव और जनसुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखी जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी और नगर पालिका परिषद बेल्हा के अधिशासी अधिकारी को 7 दिनों के भीतर अभियान चलाकर खराब पड़े इंडिया मार्का-2 हैंडपंपों की सूची तैयार करने तथा उनकी मरम्मत एवं रिबोरिंग कराने के निर्देश दिए गए। गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी कार्यालयों में प्रतिदिन पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही पशु-पक्षियों के लिए पोखरों, तालाबों और घड़ों के माध्यम से पानी की व्यवस्था करने पर विशेष जोर दिया गया। हीटवेव से बचाव के लिए शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। सीडीओ ने अमृत सरोवरों को नहरों और सरकारी नलकूपों से भरवाने तथा सार्वजनिक स्थलों पर लगे वाटर एटीएम और वाटर कूलर को चालू रखने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को गर्मी में राहत मिल सके। जिन ग्राम पंचायतों में तालाब नहीं हैं, वहां सड़क किनारे गड्ढों में पानी भरवाने की व्यवस्था करने को कहा गया। निराश्रित गोंवश आश्रय स्थलों में पेयजल व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुलभ रहे तथा जिस गौशाला में तालाब हैं उन्हें भी अनिवार्य रूप से भरा दिया जाय एवं सप्ताह में कम से कम दो दिवस गौशाला में निर्मित पानी की टंकी की साफ-सफाई सुनिश्चित करायी जाय तथा छाया आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित परियोजनाध्पूर्व से विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं को 07 दिवस में क्रियाशील करायें, जिससे आम जनमानस को पेयजल की सुविधा सुचारू रूप से प्राप्त हो सके। ग्रामीण एवं नगरीय पेयजल परियोजनाओं में क्लोरीनेशन की प्रक्रिया क्रियाशील है या नही की सूचना प्रेषित की जाय। साथ ही अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम निरन्तर वाटर टेस्टिंग गुणवत्ता परीक्षण कराते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराये। सभी अधिकारियों को 4 अप्रैल से विशेष अभियान चलाकर किए गए कार्यों का विवरण जियोटैग फोटो सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी कार्यालयों में अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त श्रम रोजगार संतोष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम तौसीफ अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान सम्पन्न




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 मांधाता मंडल में आयोजित किया गया। विश्वनाथगंज में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडल मांधाता के समस्त पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। प्रशिक्षण उद्घाटन प्रथम सत्र में निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने भाजपा के इतिहास व विकाश पर चर्चा की। दूसरे सत्र में जिला उपाध्यक्ष ने विषय बूथ प्रबंधन पर कार्यकत्ताओं को जागरूक किया। तीसरे सत्र में जिला आईटी संयोजक पंकज सिंह ने सोशल मीडिया, एआई, सरल एप व नमो एप की आवश्यकता व कार्य विधि पर चर्चा की। मंडल अध्यक्ष विजय मौर्य ने आए हुए आगंतुकों का स्वागत किया। दूसरे दिन के प्रशिक्षण के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा ने प्रशिक्षण दिया। संचालन महामंत्री नितिन मिश्रा ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्रा, छोटे लाल पटेल, सूर्य बक्श सिंह, वर्गाधिकारी विक्रांत नवीन सिंह, अरुण शुक्ला, बाबा अमरनाथ शर्मा, निर्भय, राजकुमार, रोहित सिंह, शिव, यशवंत, अनूप, दीपक, कांति, निर्मला, विवेक, नीरज, अनिल, शोभे, संजय, दिनेश, ज्ञान, मनीष मिश्रा।



### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने परिषदीय विद्यालय की छात्राओं को महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। कंपोजिट विद्यालय पूरे रामचंद्र की शिक्षिका रेनू सिंह की अगुवाई में विद्यालय की छात्राएं संध्या पटेल आरती सरोज, मानसी सरोज, आराध्या, प्रीति, स्वाती, इच्छा, पल्लवी, महक, स्नेहा, इन्दु, नंदिनी आदि बुधवार की सुबह मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत लालगंज कोतवाली पहुंची। यहां प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार व महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को कोतवाली का भ्रमण कराकर कानून व्यवस्था से जुड़ी जानकारियां साझा की। वहीं पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, स्वास्थ्य सेवा 102ध्108 आदि के बारे में जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति भी जागरूक किया। प्रधानाध्यापक निसार अहमद ने बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान करने को लेकर प्रभारी निरीक्षक का आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक देव प्रताप मिश्र, अनुराग त्रिपाठी समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# जनगणना हेतु 108 फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जनपद में प्रशिक्षण कार्य तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में एमडीपीजी कॉलेज में 108 फील्ड ट्रेनरों का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में 6 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को भवन एवं मकान गणना, डेटा संकलन की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही उपयोग तथा सर्वेक्षण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही उन्हें आवश्यक लेखन सामग्री और भवनध्मकान गणना की निर्देशिका भी उपलब्ध कराई गई, जिससे वे कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कर सकें। प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण स्थल पर पेयजल, भोजन और एलईडी स्क्रीन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं, ताकि प्रशिक्षण सुचारू और व्यवस्थित रूप से चल सके। कार्यक्रम के अंतिम दिन फील्ड ट्रेनरों को सियाराम कॉलोनी का फील्ड विजिट कराया गया, जहां उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में गणना कार्य की प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अब ये फील्ड ट्रेनर निकट भविष्य में प्रगणकों और सुपरवाइजरों को चार्जवार प्रशिक्षण देंगे, जिससे जनगणना 2027 के कार्य को समयबद्ध और सटीक तरीके से पूरा किया जा सके।

# सफल एक वर्ष पूर्ण होने पर अधिवक्ताओं ने जताई खुशी



**पट्टी।** तहसील परिसर में बुधवार को एक आयोजन किया गया। जिसमें तहसील अध्यक्ष व महामंत्री के सफलतापूर्वक एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर अधिवक्ताओं ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को माला पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर उत्साहपूर्वक बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि बीते एक वर्ष में अध्यक्ष अनिल सिंह एवं महामंत्री प्रमोद सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में संगठन ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिससे अधिवक्ताओं के हितों की मजबूती से पैरवी हुई है। उनके कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए सभी ने आगे भी इसी तरह संगठन को सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई।इस मौके पर रणविजय सिंह, वंश बहादुर सिंह, अजीत सिंह, सूरज सिंह, दिनेश सिंह, विवेक सिंह, राजकुमार वर्मा, इंद्रजीत यादव, देशराज तिवारी, प्रदीप पांडे, विकास तिवारी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## रंजिश में हुई मारपीट, छः पर केस

**लालगंज।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट गालीगलौज व धमकी की घटना में पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के लच्छी का पुरवा डांडी गांव निवासी विक्रम प्रताप सरोज पुत्र बृजलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस मार्च की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के विशाल, मोनू पुत्रगण रामसेवक तथा रामपियारी पत्नी रामसेवक, माला देवी समेत आधा दर्जन लोग उसके दरवाजे पर पहुंचे और हमलावर हो उठे। आरोपियों ने पीडित व उसकी मां सीमा सरोज को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ वैकुण्ठनाथ पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# करोड़ों की सड़क परियोजना का राजा भैया ने किया शिलान्यास

**अखंड भारत संदेश**





**कुंडा।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह ने बुधवार को करोड़ों की सड़क परियोजना का शिलान्यास किया। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन-अर्चन के बीच शुरू हुई इस परियोजना के शिलान्यास के दौरान स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई।

यह सड़क लखनऊ-प्रयागराज मार्ग से परेवा नारायणपुर, हथिगवां होते हुए अखैबरपुर धीमी तक बनेगी। जिससे क्षेत्रीय संपर्क, व्यापार और आवागमन को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे पूर्व प्रमुख व वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली ने राजा भैया को ह्विकास पुरुषह्न बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जाति-पाति से ऊपर उठकर जनसेवा की मिसाल कायम की है। राष्ट्रीय कथावाचक अतुल महाराज ने मंच से राजा भैया को सनातन का अजेय योद्धा बताते हुए कहा कि 33 वर्षों के राजनीतिक जीवन में उन्होंने बिना थके क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सभा को संबोधित करते हुए रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने कहा कि किसी भी विकास कार्य को धरातल पर लाने के लिए लंबी संघर्ष यात्रा करनी पड़ती है, लेकिन जब वह कार्य पूरा होता है तो संतोष मिलता है। विकास का लाभ किसी एक जाति को नहीं, बल्कि पूरे समाज को मिलता है। इसीलिए जनसत्ता दल कभी जातिवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करता। उन्होंने कार्यकताओं की सराहना करते हुए कहा कि हर बड़े आयोजन के पीछे उनकी अथक मेहनत होती है। साथ ही उन्होंने जातिवाद की राजनीति करने वालों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि ऐसे नेता अपनी ही जाति के लोगों को ठगने का काम करते हैं। राजा भैया ने भरोसा दिलाया कि कुंडा और बाबागंज को सड़कों के जाल से जोड़ दिया जाएगा और विकास की गति को और तेज किया जाएगा।

# नवरात्रि पर्व : अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज ने मां शीतला धाम मन्दिर का किया भ्रमण

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** नवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुविधाजनक वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत दिनांक 24.03.2026 को श्री ज्योति नारायण,अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के साथ थाना कड़ाधाम क्षेत्रान्तर्गत स्थित मां शीतला धाम मंदिर परिसर व गंगा घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान एडीजी द्वारा मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा,सुविधाजनक वातावरण में दर्शन हेतु सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था,यातायात व्यवस्था,पार्किंग व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन पर गहनता से विचार विमर्श करते हुए ड्यूटी पर नियुक्त किए गए पुलिस बल की श्रद्धालुओं के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीजी द्वारा मन्दिर के पुजारी,पण्डा एवं मन्दिर प्रबंधन के सदस्य गण से वार्तालाप किया गया इसी क्रम में गंगा नदी पर स्थित कुबरी घाट का भी निरीक्षण कर वहाँ पर श्रद्धालुओं द्वारा स्नान आदि के समय सुरक्षा व्यवस्थ व यातायात संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया।

## गम्भीर चोट पहुचाने वाला अभियुक्त 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1500/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित

**कौशांबी** थाना कौशाम्बी क्षेत्र में 24 अगस्त 2018 को भुल्लन द्वारा लड़कियों को मारा पीटा गया है तथा लड़के को मारते पीटते हुए कुंए में गिरा दिया गया जिससे उसकी हड्डी टूट गयी है तहरीर के आधार पर थाना कौशांबी पर मु0अ0सं0 87/18 धारा 308/323/325/354/504/506 भादवि पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ। मुकदमे की सुनवाई अदालत में चली जिस पर आरोपी अपराध का दोषी साबित हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त भुल्लन पुत्र राम सरन निवासी बडा गढ़वा मजरा कोसम ईनाम थाना व जनपद कौशाम्बी को दिनांक 25.03.2026 को न्यायालय एडीजे-04 जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 05 वर्ष सश्रम कारावास व 1500/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

## गुमशुदा महिला और बच्चों को पुलिस ने किया बरामद

**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव से एक महिला अपने दो बच्चों के साथ दिनांक 27.02.2026 को घर से कहीं चली गई थी मामले की सूचना थाना संदीपनघाट पर अनंत कुमार पुत्र रामकृपाल प्रजापति निवासी बसेढ़ी थाना संदीपन घाट द्वारा दी गयी उसके पति ने महिला और बच्चों की,काफी खोजबीन की लेकिन तमाम प्रयास के बाद भी महिला और बच्चे नहीं मिले आवेदक की सूचना पर थाना संदीपनघाट पर गुमशुदगी दर्ज हुई प्रकरण में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा टीमे गठित कर प्रभारी निरीक्षक संदीपनघाट को गुमशुदा की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित गया गया गठित टीमों द्वारा इलैक्ट्रानिक सर्विलांस एवं तकनीकी साधनों की सहायता से जानकारी की गयी तो पता चला कि उक्त गुमशुदा महिला अपने दो बच्चे के साथ पूर्व परिचित के घर कोलसेट क्षेत्र थाणे महाराष्ट्र चली गयी है जानकारी के उपरान्त तत्काल थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा महिला को कालसेट क्षेत्र ठाणे महाराष्ट्र से सकुशल बरामद किया गया । गुमशुदा महिला को बच्चो सहित उनके माता-पिता से सम्पर्क कराया गया और पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# न्यूज झरोखा

## 465 लाभाथी को 13.5 करोड़ रुपये का ऋण वितरण



**कौशांबी** बृहद ऋण शिविर का आयोजन दिनांक 25.03.2026 को सरस हाल विकास भवन परिसर मंझनपुर में किया गया जिसमे मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया` सीडीओ द्वारा इस ऋण शिविर कार्यक्रम में ग्राहक को सरकार की विभिन्न योजनाओ के अंतर्गत ऋण स्वीकृत पत्र एवं चेक देकर शुभकामनाये दी इसी मौके पर उन्होंने जनपद पर कार्यरत सभी बैंक शाखाओं उनके कार्य के लिए सराहा ग्राहकों को बैंक के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाकर अपने व्यापार और अधिक बढाने पर बल दियो इस ऋण शिविर में सरकार द्वारा चलाये जाने वाले जन कल्याण योजनाओ के अंतर्गत लाभाथी को स्वीकृत जारी की गई इस मौके पर कुल 465 लाभाथी को 13.5 करोड़ रुपये का ऋण वितरण हुआ इस मौके उपस्थित ग्रामोउद्योग विभाग से अशोक कुमार एवं अग्रणी जिला प्रबंधक नवीन कुमार झा ने जनपद के विकास में बैंक के योगदान का अहम बताया साथ ही शाखा प्रबंधक से जनपद जनपद के विकास के लिए अधिक से अधिक ग्राहक को ऋण देकर स्वालंबी बनाने पर बल दिया।

## धूमधाम से मनाई गई महानसम्राट अशोक की जयंती



**हररायपुर कौशांबी** चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज के अशोक नगर मरधरा में सम्राट अशोक सेना के तत्वाधान में सम्राट अशोक जयंती समारोह एवं मेला बुधवार को आयोजित किया गया सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर हजारों लोग एकत्रित हुए और बड़े धूमधाम से सम्राट अशोक की जयंती मनाया इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने महान सम्राट अशोक के जीवन,उनके अद्वितीय साहस,सुशासन,न्यायप्रियता एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सम्राट अशोक केवल एक वीर योद्धा ही नहीं,बल्कि शांति,धर्म और मानवता के प्रतीक भी थे। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं, जिस पर हम सभी को गर्व है। सम्राट अशोक सेना के पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया जिनके सहयोग से यह भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य नगर पालिका परिषद भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा भाजपा नेता भोले शंकर कुशवाहा सहित तमाम नेता आम जनता और सम्राट अशोक पर आस्था रखने वाले लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मेले का भी आयोजन किया गया था जहां लोगों ने भ्रमण किया और मेले का आनंद उठाया है

## कौशाम्बी की माटी में शिक्षा की नई अलख 467 शिक्षकों को मिला 'निपुण सारथी' सम्मान

### शाल और प्रमाण पत्र से खिली गुरुओं की मुस्कान, बना आकर्षक

**कौशाम्बी।** जिले के शैक्षिक इतिहास में आज एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। निपुण भारत मिशन के संकल्पों को धरातल पर उतारने वाले जनपद के कर्मठ शिक्षकों के सम्मान में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह केवल एक प्रशासनिक आयोजन न रहकर,शिक्षा और कृतज्ञता का एक अद्भुत संगम बन गया।जनपद के 467 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान रहा। इन शिक्षकों ने अपने विद्यालयों को निपुण' बनाने के लिए जो भगीरथ प्रयास किए,प्रशासन ने उसे शाल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सार्वजनिक रूप से सराहा। सभागार उस समय तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा जब मंच पर एक-एक कर शिक्षकों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया।शिक्षा के इस महाकुंभ के कुशल नेतृत्वकर्ता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा को भी उनके उत्कृष्ट प्रबंधन और विजन के लिए विशेष रूप से शाल ओढा कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि डॉ. कुशवाहा के निर्देशन में कौशाम्बी ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं।मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा प्रशासनिक दृष्टिकोण से लक्ष्य प्राप्त करना एक चुनौती होती है, जिसे इन शिक्षकों ने अपनी जिजीविषा से संभव कर दिखाया है जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि बेसिक शिक्षा की यह नींव जितनी मजबूत होगी, माध्यमिक और उच्च शिक्षा की इमारत उतनी ही भव्य बनेगी।"समारोह की साहित्यिक गरिमा को चार चाँद लगाने का कार्य कार्यक्रम के संचालक एसआरजी डॉ.ओम प्रकाश सिंह ने किया। उन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी और काव्यमयी पंक्तियों से पूरे सदन में ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के समन्वयन में डीसी धमर्नाथ की महती भूमिका रही,जिनके कुशल प्रबंधन के कारण इतने विशाल आयोजन का अनुशासन देखते ही बनता था। वहीं,मंच पर सह-उद्घोषक सुनिष्ठा की मधुर और स्पष्ट शब्दावली ने कार्यक्रम के प्रवाह को निरंतर बनाए रखा,जिसकी प्रशंसा मुख्य अतिथियों ने भी की।समारोह के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन शिक्षकों के पसीने और मेहनत की खुशबू है,जो बंद कमरों में देश की नई पीढ़ी को तराश रहे हैं।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ यह आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह था,बल्कि कौशाम्बी की शिक्षा व्यवस्था में आए गुणात्मक सुधार का एक जीता-जागता प्रमाण था।

## हत्या का प्रयास करने वाले 02 अभियुक्त को संदीपन घाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हररायपुर कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के ग्राम उजिहिनी खालसा में 23 मार्च को मोटरसाइकिल से टक्कर हो जाने को लेकर 02 पक्षों में कहासनी हो गयी थी,उसी बात को लेकर उजहिनी खालसा में एक दुकान पर पुनः दोनों पक्षों के लोगों के मध्य विवाद हो गया जिसमे एक पक्ष द्वारा तमंचे से फायर कर दिया गया जिससे दूसरे पक्ष के 02 लोग गोली लगने से घायल हो गये थे तथा गांव वालों के इकट्ठा होने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए नदीम अहमद की तहरीर पर थाना संदीपनघाट पर मु0अ0सं0 66/26 धारा 109 (1)/ 352/ 351(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा अभियुक्तों की शीध्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था उपरोक्त क्रम में दिनांक 25.03.2026 थाना संदीपनघाट पुलिस ने विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों अबू बकर पुत्र मो0 समीम वा मो0 अयान पुत्र स्व0 वशी अहमद निवासीगण उजहिनी खालसा थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

# मंदिर के व्यावसायिक निर्माण की शिकायत पर पहुंचे नायब तहसीलदार



**कौशांबी।** मंदिर की जमीन पर मुआवजा मिलने के बाद उस पर लोगों की नियत खराब हो गई है और मंदिर की जमीन पर मिले मुआवजे की रकम से व्यावसायिक दुकानें बनाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है जिससे भक्तों में आक्रोश व्याप्त है सिराथू तहसील क्षेत्र अंदावा गांव में मंदिर की जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण में चली गई जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग के द्वारा मंदिर के देख रेख करने वालों को लाखों रुपए का मुआवजा भी दिया गया मुआवजा की रकम मिलते ही लोगों की नियत खराब होने लगी मुआवजा की रकम का उपयोग मंदिर में नहीं किया गया जिससे भक्तों में आक्रोश व्याप्त है निजी स्वार्थ के चलते मंदिर की जमीन में व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा है जिससे निजी लाभ उठाया जा रहा है मामले की शिकायत उप जिला अधिकारी सिराथू से हुई जिस पर व्यावसायिक निर्माण की जांच करने नायब तहसीलदार सिराथू मौके पर पहुंचे हैं और निर्माण के संबंध में लोगों से पूछताछ की मौके की स्थितियों की जांच पड़ताल की उसके बाद मंदिर की जमीन पर व्यावसायिक निर्माण को उन्होंने रोक दिया है सरकारी जमीन गाटा संख्या 648 अंदावा टेढ़ी मोड़ पुल के पास महंत संत दास पुत्र बाबू लाल ने मंदिर बनवाया है जिसमे पूर्व मे सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर तहसील में मुकदमा दाखिल हुआ मुकदमे की सुनवाई के दौरान बेदाखली का आदेश हो चुका है सरकारी जमीन पर मंदिर बनाए जाने के बाद तहसील से मंदिर पर जुर्माना भी हुआ है महंत संत दास का उस जमीन से बेदखली होने के बाद उनका कोई अधिकार नहीं था उसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ से लेखपाल व तहसील के जिम्मेदार की मिली भगत से राष्ट्रीय राजमार्ग से मुआवजे के रूप में 58 लाख 42 हजार 763 रुपए दिया गया है महंत संत दास के मृत्यु के बाद अब सरकारी जमीन पर दूसरा व्यक्ति मंदिर की आड़ में व्यावसायिक दुकान बनवाकर वसूली कर रहा है जिस पर ग्रामीणों ने विरोध जताया ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर की जमीन मंदिर की संपत्ति बनी रहे इस व्यक्तिगत कब्जा करने का प्रयास न किया जाए वरना भक्त आक्रोशित हो जाएंगे और कब्जा करने वाले लोगों को सबक सिखाएंगे सरकारी जमीन पर मंदिर की आड़ में लोग निजी कब्जा कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं जिसे प्रशासन को गंभीरता से लेना होगा।

## ईवीएम व वीवी.पैट वेयर हाउस का डीएम ने किया त्रैमासिक निरीक्षण

**कौशांबी** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सी.सी.टी.वी. कक्ष का निरीक्षण एवं लॉगबुक का अवलोकन किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# दो जून की रोटी के पड़े थे लाले उसके बाद महिला के घर हो गई चोरी

### छप्पर नुमा घर में मोबाइल सहित हजारों का सामान उठा ले गए चोर

अखंड भारत संदेश



**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात छप्पर नुमा घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया और हजारों रुपये का सामान सहित एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना परिवार के लोगों ने पुलिस को दी है। पिपरी थाना के औधन गांव निवासी सुरजन निषाद अपने रोजी रोटी के सिलसिले में महाराष्ट्र के कल्याण शहर में रहता है सुरजन की पत्नी दो बच्चों के साथ घास फूस की झोपड़ी बनाकर रहती है गरीबी के चलते महिला पक्का मकान नहीं बना सकी है और सरकार की ओर से भी महिला को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल सका है जिससे पक्का घर नहीं बन सका मंगलवार की रात झोपड़ी के बाहर गहरी नींद में महिला सो रही थी महिला ने अपना मोबाइल फोन भी अपने पास में रखा था दोनों बच्चे झोपड़ी के अन्दर हो रहे थे मौका पाकर आधी रात को झोपड़ी के अंदर चोर घुस गए और झोपड़ी के अन्दर रखें बक्सा और साथ में मोबाइल फोन भी चोर उठा ले गए हैं कुछ आहट आने पर आस पड़ोस के लोगों ने हो हल्ला किया तब तक चोर भाग गए सुबह शौच के लिए ग्रामीण बाहर गए तो बक्सा गांव के बाहर जंगल में पड़ा मिला बक्से का सब सामान बिखरा मिला पीड़िता ने नजदीकी चौकी पुलिस को सूचना दिया और बताया कि बक्से में रखा चार आधार कार्ड 1500 रुपये नगद व एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन लगभग 15000 रुपये का चोर उठा ले गए हैं चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है।

# एसपी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई



**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिनांक 25.03.2026 को आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके।सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

## एसपी ने ऑनलाइन संवाद के जरिए सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**कौशांबी** जनपद में आमजन की शिकायतों के त्वरित पारदशी एवं प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा जनसुनवाई प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल प्रतिदिन की जा रही है।इसी क्रम में दिनांक 25.03.2026 को जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारियों तथा प्रभारी निरीक्षकों थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से सीधा संवाद स्थापित कर प्रकरणों की जानकारी ली गई है इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए प्रत्येक मामले की वस्तुनिष्ठ समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध,निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि सभी शिकायतों का समाधान नियमानुसार एवं पारदशी प्रक्रिया के तहत किया जाए,जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

## उद्यमी व्यापारी उद्योग रोजगार को बढ़ाने में सरकार का बड़ा तोहफा : रमेश अग्रहरि



**भरवारी कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने रोजगार उद्योग बढ़ाने के लिए एक बहुत अच्छा सुनहरा अवसर प्रदान किया धारा 80 के राज्य संहिता 2006 के कानून में संशोधन करके अब कोई भी व्यापार उद्योग लगाने के लिए भूमि का नक्शा स्वीकृत होते ही भूमि उपयोग परिवर्तन हो जाएगा जिससे व्यापारी उद्यमियों को बहुत बड़ी राहत मिली अभी तक भूमि उपयोग परिवर्तन कराने में तहसील विकास प्राधिकरण आवास विकास का चक्कर लगाना पड़ता था जिसमें काफी समय खराब होता था इसलिए निवेशक को अपने उद्योग धंधे को लगाने में लंबा वक्त लगता था उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के 75 जनपदों में संगठन की दृष्टि से 110 जनपद की ओर से हृदय से धन्यवाद दिया है रमेश अग्रहरि ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस तरह से उत्तर प्रदेश में उद्योग व्यापार को बढ़ाने के लिए निवेशकों को भरोसा और सुरक्षा प्रदान किया है आने वाले समय में उत्तर प्रदेश का एक-एक नौजवान रोजगार प्राप्त करेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

## गुरुकुल महाविद्यालय सिराथू के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर रमा मित्र शास्त्री का निधन




**भरवारी कौशांबी** सिराथू सैनी स्थित गुरुकुल महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ राम रामामित्र शास्त्री का मूल जन्म स्थान भरवारी कस्बा है पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने सामाजिक हित में कार्य किया है वर्तमान में उनका परिवार प्रयागराज जनपद में निवास कर रहा है डॉक्टर रमामित्र शास्त्री का लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान 24 मार्च की रात्रि में निधन हो गया है उनके निधन की जानकारी मिलते ही रिश्तेदार परिचितों पारिवारिक जन में शोक की लहर दौड़ गई है और उनके आवास पर लोगों का जमावड़ा लग गया है अश्रुपूर्ण नेत्रों से लोगों ने डॉक्टर रमामित्र शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित किया है 25 मार्च को प्रयागराज में गंगा नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया है जहां परिवार रिश्तेदार सहित तमाम उनके परिचित पहुंचे हैं और शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## भवंस मेहता महाविद्यालय में संचार क्रांति के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में संचालित विशेष शिविर के दूसरे दिन का आयोजन अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर संचार क्रांति के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव विषय पर एक सारगर्भित व्याख्यान का आयोजन किया गया,जिसमें अथर्शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राहुल राय ने अपने विचार अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।डॉ.राहुल राय ने अपने संबोधन में संचार क्रांति को आधुनिक युग की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताते हुए कहा कि आज के समय में सूचना का आदान-प्रदान बेहद सरल, तेज और सुलभ हो गया है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट, मोबाइल और सोशल मीडिया जैसे माध्यमों ने शिक्षा,व्यापार,स्वास्थ्य और शासन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए हैं। अब व्यक्ति घर बैठे विश्वभर की जानकारी प्राप्त कर सकता है,जिससे ज्ञान का विस्तार हुआ है और अवसरों के नए द्वार खुले हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.प्रबोध श्रीवास्तव ने संचार क्रांति के नकारात्मक पहलुओं पर गंभीरता से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर यह क्रांति सुविधाएं प्रदान कर रही है, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। फेक न्यूज,साइबर अपराध, सोशल मीडिया की लत और व्यक्तिगत जीवन में गोपनीयता का ह्रास जैसी समस्याएं आज बड़ी चुनौतियां बन गई हैं। उन्होंने छात्रों को सचेत करते हुए कहा कि तकनीक का उपयोग विवेकपूर्ण और संतुलित तरीके से करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ.मोहम्मद आदिल डॉ.दीपक कुमार,डॉ.संजू, खेल शिक्षक पंकज पाल विष्णुकांत चौरसिया तथा लक्ष्मण सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने इस विषय पर गहन रुचि दिखाई और संवाद के माध्यम से अपने विचार भी साझा किए। यह आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि छात्रों को आधुनिक तकनीक के सही उपयोग के प्रति जागरूक करने में भी सफल रहा।

# जय मां दुर्गे इंटर कॉलेज में धूमधाम से मना 25वां वाषिकीत्सव, मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां, बच्चों की प्रतिभा देख अभिभावक हुए भाव-विभोर

अखंड भारत संदेश






**कौशांबी** नगर पंचायत अझुवा स्थित जय मां दुर्गे इंटर कॉलेज में 25वें वाषिकीत्सव एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर उत्सव स्थल में तब्दील हो गया, जहां छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्षा शांति देवी कुशवाहा व वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश कुशवाहा एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक और समूह गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तो वहीं प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू ने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा और संस्कारों पर विशेष ध्यान दें, ताकि वे भविष्य में देश और समाज का नाम रोशन कर सकें।बुधवार को जय मां दुर्गे इंटर कालेज में धूमधाम के साथ वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक राजाराम ने किया। उत्सव में मुख्य रूप से कॉलेज के प्रबंधक प्रदीप त्रिपाठी, कॉलेज के पदाधिकारी व सदस्य तथा प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत, फिल्मी संगीत और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

## जबरिया घर गिराने का विरोध करने पर दबंगों ने किया हमला चार घायल



**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के चरवा चौराहे पर अनिल केसरवानी की निजी भूमि आराजी संख्या 933 पर चारों तरफ दीवाल उठी है पेड़ लगाए गए हैं बुधवार की सुबह चरवा के दबंग सतीश वर्मा कुलदीप वर्मा सुनील वर्मा वा लाल जी वर्मा लाठी डंडा लेकर के जमीन पर पहुंचे मौके पर जेसीबी मशीन भी दबंग लेकर पहुंचे थे और मशीन से दीवाल तोड़ने लगे जब अनिल ने विरोध किया तो उसको दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडे से मारा गया है हो हल्ला सुनकर के सुनील कुमार प्रमोद कुमार बिहारी लाल भी मौके पर पहुंचे और दीवाल तोड़ने का विरोध किया जिस पर दबंगों ने उन्हें भी दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडे से मारा पीटा है जिससे चार लोगों को चोटें आई है मामले की सूचना पीड़ित परिवार ने थाना पुलिस को दिया है हालांकि इन दबंगों का हमेशा लड़ाई झगड़ा विवाद बना रहता है और कई मामले में उनके विरुद्ध पूर्व में मुकदमे भी दर्ज है क्षेत्र में इनका आतंक है और झगड़ा फंसाकर लोगों की जमीन कब्जा करना आदत में शामिल है।

## सम्पादकीय

### पत्रकारों के साथ अपराधियों जैसा सलूक

**दिल्ली** पुलिस ने शुक्रवार शाम समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के 9 रफी मार्ग स्थित कार्यालय को कथित तौर पर भूमि आवंटन की शर्तों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया। देश की सबसे पुरानी समाचार एजेंसी के साथ दिल्ली पुलिस ने जो सलूक किया, उस पर लोकतंत्र के पक्षधर नागरिक चिंता व्यक्त कर रहे हैं। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, एडिटर्स गिल्ड, वीमेंस प्रेस क्लब समेत कुछ पत्रकार संगठनों ने भी इसकी निंदा की है और अलग-अलग दलों के कुछ नेताओं ने पुलिस के रवैये पर सवाल उठाए हैं। लेकिन इस खबर पर जो व्यापक हलचल मचनी चाहिए थी, वो कहीं नजर नहीं आ रही। इससे समझ आता है कि अब हम शायद जागरुक समाज नहीं रहे, और काफी हद तक संवेदनहीन, आत्मकेन्द्रित हो चुके हैं। तभी तो बड़ी से बड़ी घटनाएं भी हमें विचलित नहीं करतीं। अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की कई खबरें आती हैं और समाज उन्हें सरसरी निगाह से देखकर टाल देता है कि ये सब तो होता ही रहता है। अत्याचार तो पहले भी होते रहे हैं, तब पत्रकार इन्हें उजागर करना अपना दायित्व समझते थे। क्योंकि जब तक समाज की बुराइयों को सामने नहीं लाया जाएगा, तब तक उनका खात्मा करने के तरीके भी नहीं तलाशे जा सकते। लेकिन अब मीडिया भी उन्हीं खबरों को तरजीह देता है, जो वायरल हों, जिनके कारण टीआरपी बढ़े या लाइक्स और कमेंट्स ज्यादा मिले। यही वजह है कि पहले कुंभ मेले में एक सुंदर युवती मोनालिसा चर्चा में आई, फिर उसके अभिनेत्री बनने की खबरें खूब चलीं और अब उसने विवाह कर लिया तो उस पर भी प्रेस कांफ्रेंस हो गई कि उसने जिस व्यक्ति से विवाह किया, उसका धर्म क्या है और यह सही है या नहीं। सोचिए मीडिया ने अपनी प्राथमिकताओं को किस गर्त में पहुंचा दिया है कि दो बालिग आपसी रजामंदी से विवाह करें तो वह उनकी हेडलाइन्स बन जाती है। इस माहौल में यूएनआई का दफ्तर सील करना और वहां मौजूद पत्रकारों से बदसलूकी आम खबर की तरह आई और चली भी गई। गौरतलब है कि दिल्ली में संसद भवन के पास 9 रफी मार्ग पर लगभग 5,289.52 वर्ग मीटर जमीन दशकों पहले यूएनआई को सरकार ने लीज पर दी थी। इस जमीन की अनुमानित कीमत मौजूदा दर 7.74 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से करीब 409 करोड़ रुपये आंकी गई है। सरकार ने यह जमीन संयुक्त कार्यालय परिसर विकसित करने के यूएनआई को दी थी, लेकिन कम से कम 40 साल बीतने के बाद भी वहां कोई निर्माण नहीं हुआ। सरकार का कहना है कि यूएनआई कार्यालय का निर्माण नहीं कर सका, जो आवंटन पत्र में तय शर्तों का उल्लंघन है। जिसके बाद आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के तहत आने वाले लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस ने 12 जनवरी 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद 29 मार्च 2023 को आवंटन रद्द कर दिया था। न्यूज एजेंसी ने इस रद्दीकरण को अदालत में चुनौती दी थी, लेकिन हाई कोर्ट ने वित्तीय कमी और लंबित मंजूरियों को देरी का कारण बताने वाले उसके तर्कों को खारिज कर दिया।

# तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था

-: ललित गर्ग :-

**तेज** होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर खड़ी है। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं रह गए हैं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था, पर्यावरण, सृष्टि-संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता तक पहुंच रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं।

आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समुद्री मार्ग खोलने की चेतावनी को खारिज करते हुए ईरान ने इजरायल पर हमलों का नया दौर शुरू किया है, जिससे यह संकट और अधिक गंभीर हो गया है। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इसका प्रभाव केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। दुनिया की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है और पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यदि वहां युद्ध बढ़ता है या समुद्री मार्ग बाधित होते हैं तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। तेल महंगा होगा तो पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, परिवहन महंगा होगा, उत्पादन लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु महंगी हो जाएगी। यानी एक वैश्विक महंगाई का दौर शुरू हो सकता है। महंगाई बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी जा सकती है। पहले से ही कई देश आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और यदि ऊर्जा संकट बढ़ता है तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। भारत जैसे देश भी इस स्थिति से अछूते नहीं रह सकते, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसी खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रियों के साथ आपात बैठक कर ऊर्जा आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की। केवल केंद्र सरकार की तैयारी पर्याप्त नहीं होगी, राज्य सरकारों को भी इस स्थिति को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण, आपूर्ति प्रबंधन और आवश्यक



वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने होंगे।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी चिंता यह है कि दुनिया युद्ध को रोकने के बजाय उसकी तैयारी ज्यादा कर रही है। युद्ध शुरू करना आसान होता है, लेकिन उसे रोकना बहुत कठिन होता है। इतिहास गवाह है कि कई युद्ध ऐसे हुए जो कुछ दिनों के लिए शुरू हुए लेकिन वर्षों तक चलते रहे और उन्होंने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। आज भी यदि पश्चिम एशिया का युद्ध फैलता है तो यह केवल दो या तीन देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़े देशों की भागीदारी से यह वैश्विक संघर्ष का रूप ले सकता है। इसलिए यह जरूरी हो गया है कि विश्व के बड़े देश आगे बढ़कर युद्ध विराम की पहल करें और वार्ता का रास्ता निकालें। अमेरिका की भूमिका इस पूरे संकट में बहुत महत्वपूर्ण है। यदि अमेरिका चाहे तो वह इजरायल पर दबाव डाल सकता है, ईरान के साथ वार्ता शुरू करा सकता है और संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से युद्ध विराम की दिशा में कदम उठा सकता है। कूटनीति का रास्ता हमेशा युद्ध से बेहतर होता है, क्योंकि युद्ध में अंततः नुकसान सभी का होता है। युद्ध में सैनिक मरते हैं, नागरिक मरते हैं, शहर बर्बाद होते हैं, अर्थव्यवस्था टूटती है और आने वाली पीढ़ियां तक उसके दुष्परिणाम झेलती हैं। इसलिए आज दुनिया को हथियारों की दौड़ नहीं, शांति की दौड़ की जरूरत है।

हथियारों की होड़ का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि इससे विकास रुक जाता है। दुनिया के कई देश ऐसे हैं जहां आज भी लोग गरीबी, भूख, बीमारी और अशिक्षा से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकारें शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने के बजाय हथियारों पर खर्च बढ़ा रही हैं। यह मानवता के साथ एक तरह का अन्याय है। यदि दुनिया का सैन्य बजट का एक छोटा हिस्सा भी शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च कर दिया जाए तो दुनिया से गरीबी और भूख को काफी हद तक खत्म किया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्य से दुनिया की राजनीति अभी भी शक्ति संतुलन और सैन्य प्रभुत्व के इर्द-गिर्द घूम रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व नेतृत्व यह समझे कि असली शक्ति हथियारों में नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, विज्ञान, शिक्षा और मानव विकास में होती है। जो देश अपने नागरिकों को बेहतर जीवन देता है, वही वास्तव में शक्तिशाली देश होता है। युद्ध और हथियार केवल विनाश लाते हैं, विकास नहीं। इसलिए दुनिया को यह तय करना होगा कि उसे हथियारों की दुनिया बनानी है या मानवता की दुनिया।

यदि वर्तमान परिस्थितियों में युद्ध नहीं रुके और हथियारों की होड़ इसी तरह बढ़ती रही तो आने वाले वर्षों में दुनिया को महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, ऊर्जा संकट और सामाजिक अस्थिरता जैसे अनेक संकटों का सामना करना पड़ सकता है। यह स्थिति पूरी मानवता के लिए खतरनाक होगी। इसलिए अब समय आ गया है कि विश्व के सभी देश अपने संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से ऊपर उठकर वैश्विक हितों के बारे में सोचें और युद्ध के बजाय शांति, सहयोग और सहअस्तित्व का मार्ग अपनाएं। मानव सभ्यता का भविष्य हथियारों से नहीं, बल्कि शांति, संवाद और सहयोग से सुरक्षित हो सकता है। यही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी।

युद्ध का अंधेरा मानवता को केवल विनाश, महंगाई, भय और अस्थिरता देता है, जबकि दुनिया को आज शांति, संवाद और स्थिरता का उजाला चाहिए, और इस दिशा में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। आज वैश्विक परिदृश्य में भारत केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि एक नैतिक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व एक ऐसे विश्व नेता के रूप में उभरा है जो युद्ध नहीं, संवाद-संघर्ष नहीं, सहयोग और हिंसा नहीं, सहअस्तित्व की बात करता है। भारत बुद्ध, महावीर और गांधी की अहिंसा की परंपरा का देश है, इसलिए भारत यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करे, युद्धरत देशों के बीच संवाद का सेतु बने, संयुक्तराष्ट्र के मंच पर युद्ध विराम की ठोस पहल करे, तो वह विश्व राजनीति को नई दिशा दे सकता है। मोदी यदि शांति, अहिंसा, वैश्विक संवाद और आर्थिक सहयोग के चार सूत्रों पर विश्व को साथ लाने की पहल करें तो भारत वास्तव में विश्व शांति का मार्गदर्शक बन सकता है और युद्ध की दिशा में बढ़ती दुनिया को शांति और स्थिरता की दिशा में मोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभा सकता है।

# कायर कौन हैं नाटो देश या खाड़ी देश?

**शकील अख्तर**

**राजशाही** और शासकों की मनमानी नीतियों के खिलाफ अरब देशों में कई बार आवाजें उठ चुकी हैं। 15 साल पहले खाड़ी देशों में अरब स्प्रिंग के नाम से बड़ा जन आंदोलन हुआ था। लोग लोकतंत्र की मांग कर रहे थे। वह आवाजें फिर उठ सकती हैं। जनता की मर्जी के खिलाफ इजराइल अमेरिका को समर्थन देना अरब देशों को भारी पड़ सकता है। ईरान की जनता की बहादुरी मिसाल बन गई है।



कायर कौन? नाटो देश! जो युद्ध को रोकना चाहते हैं। हार्मुज स्ट्रेट पर हमला करके उसे और ज्यादा भड़काने से बचना चाहते हैं? या खाड़ी देश? जिन्होंने डर के मारे अपनी जमीन अमेरिका के सैन्य अड्डों के लिए दे रखी है। जो ईरान में मासूम बच्चों, वहां के नेताओं की टारगेट कीलिंग, गैस तेल क्षेत्रों पर हमले पर एक शब्द नहीं बोल पा रहे हैं?

ट्रंप फ्रस्टेशन में नाटो देशों को कायर कह रहे हैं मगर दुनिया अरब देशों को कायर बता रही है। जो गजा में इजराइल द्वारा किए नरसंहार के खिलाफ खड़े नहीं हो सके। और अब ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमलों के बाद ईरान के ही खिलाफ खड़े हो गए।

ईरान की गलती क्या है? ऐसे ही इराक रासायनिक हथियार बना रहा है कहकर अमेरिका ने उस पर हमला किया था और वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी। ईरान में भी वहां के टाप सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत तमाम बड़े लीडर मार दिए और अब पूरी तरह तबाह करने की धमकी दे रहा है।

कौन है वह? दुनिया का थानेदार? किसने बनाया? स्वघोषित! अमेरिका और इजराइल की भाषा क्या है? मार डालेंगे, तबाह कर देंगे, कुछ नहीं बचेगा! यह दुनिया के सबसे पुराना लोकतंत्र की भाषा है? या गुंडों बदमाशों की!

अरब देश इस्लामिक कंट्री के नाम पर संगठन बनाते हैं। लेकिन इस्लाम के सबसे पवित्र महीने रमजान में एक इस्लामिक देश पर हुए हमलों का समर्थन करते हैं? फिर वही सवाल कि आखिर हमला क्यों? जब संयुक्त राष्ट्र सहित अन्तरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (आईएईए) सब ईरान से बात कर रहे थे। वहां जाकर जांच हो रही थी। वहां के सुप्रीम लीडर ने परमाणु बम को मानवता के खिलाफ बताते हुए उसे बनाने से इनकार किया था फिर अचानक हमला करने और वह भी स्कूल पर जहां दो सौ के करीब बच्चियां मारी गईं का क्या मतलब?

इजराइल को सफाई देना पड़ रही है कि हमने अमेरिका को युद्ध में नहीं फंसाया। अमेरिका निकलने का रास्ता ढूंढ रहा है। लेकिन यह सब तो बाद में हुआ। ईरान के मजबूती से लड़ने के बाद। खासतौर से वहां की अवाम के पूरी हिम्मत से घरों से निकलकर सड़कों पर आ जाने के बाद।

ईरान में बंकर नहीं हैं। जैसे इजराइल ने बना रखे हैं। सायरन बजता है सब बंकरों में चले जाते हैं। इरान में बम गिरते हैं लोग सड़कों पर आ जाते हैं। यह जो जज्बा है उसने ही पूरी दुनिया में खासतौर से अमेरिका में हलचल मचा दी।

वियतनाम में यही हुआ था। अमेरिका वहां की बहादुर जनता से नहीं लड़ पाया और वापस हो गया। ट्रंप को यहां भी युद्ध खत्म करने की बात कहना पड़ रही है। वियतनाम में अमेरिका ने 1965 में हमला किया था। करीब 60 हजार सैनिक उसके मारे गए थे। जनता का भरोसा अपनी सरकार से उठ गया था। बड़े गहरे राजनीतिक और सामाजिक असर पड़े थे। अमेरिका की मीडिया और जनता ने साफ तौर कहा कि सरकार ने उन्हें गुमराह किया। जीत रहे हैं कि झूठे दावे किए गए। और सबसे बड़ा परिणाम यह हुआ था कि प्रेसिडेन्ट निक्सन को इस्तीफा देना पड़ा था। राजनीतिक विश्लेषण सेवा

ट्रंप को सब याद आ गया है। अमेरिका में फिर उसके सैनिकों के ताबूत लौटने लगे हैं। वियतनाम युद्ध में भी ऐसी ही शुरूआत हुई थी। अमेरिका की जनता किसी दूसरे के युद्ध में अपने सैनिकों को खोना क्यों पसंद करेगी? ईरान से अमेरिका को कोई खतरा नहीं था। वहां के राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केन्द्र (एनसीटीसी) के निदेशक जो केंट ने अभी यही कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि अमेरिका को ईरान से कोई खतरा नहीं था। हम यह युद्ध इजराइल के लिए लड़ रहे हैं।

पूरे अमेरिका में यह माहौल बन रहा है। दुनिया में तो है ही। मगर अरब देशों के शासकों की समझ में नहीं आ रहा है। वे आंख बंद करके अमेरिका और इजराइल का साथ दे रहे हैं। लेकिन क्या वहां की जनता भी अमेरिका और इजराइल के साथ है?

सबसे बड़ा सवाल यही है। राजशाही के कारण वहां की अवाम की कोई बात दुनिया के सामने नहीं आ पाती है। मीडिया पर पूरा कंट्रोल है। लेकिन जनता की आवाज कभी भी किसी भी समय दबाई नहीं जा सकी है। खबरें आती है कि वहां जब ईरान की मिसाइलें गिर रही हैं और नुकसान हो रहा है तो लोग पूछते हैं कि इजराइल का साथ देने की हमारी क्या मजबूरी है? अगर अमेरिका हमें बचा ही नहीं पा रहा तो उसे हमारी जमीन पर सैनिक अड्डे बनाने की छूट क्यों दी गई थी? और असली सवाल कि हमारा ईरान की अवाम से क्या झगड़ा है? जो हम वहां के स्कूल की बच्चियों को मार रहे हैं, दूसरे शहरियों को मार रहे हैं। गजा में भी इसी इजराइल ने किया मासूम बच्चों को मारा। और अब हमारी जमीन से वहां मिसाइलें और ड्रोन भेजकर मार रहे हैं। क्यों?

इस क्यों का जवाब अमेरिका और इजराइल नहीं देंगे।

# दुनिया कौन चला रहा है?

**— प्रेरणा**



**क्या** मतलब है 'इकानामिक हिटमैन' का? पर्किन्स बताते हैं कि दुनिया के सभी अमीर देश 'इकानामिक हिटमैन' पालते हैं जिनका काम ही है कि वे विकासशील देशों के नेताओं से नजदीकी रिश्ता बनाते हैं और फिर 'विकास या संपन्नता' या 'गरीबी हटाओ' जैसे लुभावने मंजर दिखाकर, उन्हें बड़े विदेशी ऋण लेने के लिए तैयार करते हैं। वे बताते हैं कि आपको ऋण के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं, वह हम लाकर देंगे!

इतिहास में कभी-कभी कुछ ऐसा घटता है कि दुनिया को कठपुतली बनाकर नचाने वालों का भांडा फूट जाता है। ऐसा ही कुछ हुआ था 2004 में, जब जॉन पर्किन्स नाम के एक सज्जन ने 'कंफेशन्स ऑफ एन इकानामिक हिटमैन' (एक आर्थिक हत्यारे की स्वीकारोक्ति) किताब प्रकाशित की थी। इस पर बड़ा हंगामा हुआ था, लेकिन कोई उसे झुठला नहीं सका, क्योंकि पर्किन्स ने किताब की शुरूआत में ही बता दिया था कि वे खुद भी एक 'इकानामिक हिटमैन' रहे थे।

क्या मतलब है 'इकानामिक हिटमैन' का? पर्किन्स बताते हैं कि दुनिया के सभी अमीर देश 'इकानामिक हिटमैन' पालते हैं जिनका काम ही है कि वे विकासशील देशों के नेताओं से नजदीकी रिश्ता बनाते हैं और फिर 'विकास या संपन्नता' या 'गरीबी हटाओ' जैसे लुभावने मंजर दिखाकर, उन्हें बड़े विदेशी ऋण लेने के लिए तैयार करते हैं। वे बताते हैं कि आपको ऋण के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं, वह हम लाकर देंगे!

पर्किन्स लिखते हैं कि यह मछली फंसाने जैसा है। एक बार मछली फंसी तो अमेरिका-यूरोप की सरकारों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों की चांदी हो जाती है। विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है, सो ऐसी परियोजनाओं के लाभ का लुभावना सब्जबाग ऐसा खड़ा किया जाता है कि विकासशील देशों की सरकारें बड़े-बड़े ऋण ले लेती हैं। ऋण का पैसा उनके हाथ आता भी नहीं है, क्योंकि उन्हीं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के एजेंट विकास परियोजनाओं का ठेका भी ले लेते हैं। जिसका पैसा था, उसी की जेब में वापस पहुंच जाता है, जबकि ऋण लेने वाले देश पर कर्ज लद जाता है।

एक बार देश कर्ज में फंसा तो शुरू होता है महाशक्तियों का खेल! कर्ज माफी या कर्ज की शर्तों में ढील के नाम पर उस देश पर जबर्दस्त राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य दबाव डाला जाता है, ताकि वह अपनी राष्ट्रीय नीतियों में उनके अनुकूल बदलाव करे तथा अपने प्राकृतिक संसाधनों को निजी कंपनियों के लिए खोल दे। कर्जदार देश घुटने टेक देता है और 'इकानामिक हिटमैन' अपना कमीशन लेकर आगे चल देता है - नया देश, नया शिकार खोजने।

पर्किन्स की किताब पढ़ते हुए मुझे 1991 का आर्थिक संकट याद आया। तब भारत का 'विदेशी मुद्रा भंडार' लगभग खत्म हो चुका था। बताया गया था कि मात्र 2-3 हफ्तों की जरूरत लायक डॉलर देश के पास बचे हैं। सरकार को 'अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष' (आईएमएफ) और 'विश्वबैंक' से आपातकालीन ऋण लेना पड़ा। ऋण तो मिला, लेकिन उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण उस ऋण के साथ आया। आपको 'विकीलीक्स' याद है? एक अंतरराष्ट्रीय वेबसाइट जो गुप्त सरकारी व कॉर्पोरेट दस्तावेजों की जासूसी कर, उन्हें सार्वजनिक करती है?

## टीईटी से मुक्ति की मांग को लेकर अटेवा सुल्तानपुर का पाती अभियान तेज, शिक्षकों ने उठाई जोरदार आवाज

**सुल्तानपुर**

**अखिल** भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के आवाहन पर अटेवा सुल्तानपुर की टीम द्वारा जनपद सुल्तानपुर के तिकोनिया पार्क में सायं बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से पत्र लिखकर अपनी मांगों को उठाया। बैठक में मुख्य रूप से वर्ष 2011के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त किए जाने की मांग प्रमुख रही।इस दौरान अटेवा जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए उस समय की शासनादेश एवं नियमावलियों में टीईटी की अनिवार्यता का कोई



प्रावधान नहीं था। ऐसे में वर्तमान में उन पर टीईटी लागू करना अनुचित एवं गैर जिम्मेदाराना निर्णय है। उन्होंने कोर्ट एवं सरकार से इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की।1अप्रैल पूर्व की ठढर,वढर, एवं निजी करण के के विरोध में सभी शिक्षक कर्मचारियों से अपने कार्य स्थल पर रहते हुए काला फीता बांध कर विरोध करने का आह्वान किया वहीं जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ने 13 अप्रैल को जुलूस मार्च में सम्मिलित होने के लिए सभी शिक्षकों से आवाह्न किया।

## कक्षा 8 की छात्रा आरवी पांडे बनीं एक दिन की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

**सुलतानपुर-भदैया** ब्लॉक के जूनियर हाई स्कूल अभिया कला की कक्षा 8 की छात्रा आरवी पांडे को एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनने का अवसर मिला। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।आरवी पांडे,शैलेश पांडे की पुत्री हैं और ग्राम बेला सदा की निवासी हैं, शैलेश पांडेय मुंबई में ड्राइवर हैं,बताया जाता है कि आरवी पांडे ने हाल ही में अयोध्या में आयोजित मंडल स्तरीय कला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सम्मान प्राप्त किया था। उनकी इसी उपलब्धि और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें एक दिन के



लिए बीएसए की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के कार्यों की जानकारी ली और विद्यालयों से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में भी समझा।कार्यक्रम के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने छात्रा का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परिश्रम और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं भविष्य में बड़े पदों पर पहुंच सकते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को प्रेरित करना और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना है।विद्यालय परिवार ने बताया कि आरवी पांडे पढ़ाई के साथ-साथ कला क्षेत्र में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षकों,अभिभावकों और क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के प्रेरणादायी कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है ।

## हैलो चैंप्स स्कूल में पुरस्कार व प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित

**सुलतानपुर।**

**हैलो** चैंप्स स्कूल सीताकुंड में पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधक संदीप सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ,जिसमें विद्यालय की सह-संस्थापक श्रीमती अमृता सिंह एवं प्रधानाचार्या सुश्री साक्षी श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक भी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी, स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



छात्रों को वर्ष का छात्र,शैक्षिक उत्कृष्टता,उत्साही शिक्षार्थी,सबसे रचनात्मक छात्र,सबसे समय पर आने वाला छात्र सहित विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया।प्रधानाचार्या सुश्री साक्षी श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरस्कार और प्रमाणपत्र छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।ये उनकी मेहनत और उपलब्धियों की पहचान होते हैं,जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है।

# एक नाम पर सारा इल्जाम, बाकी खदानों का सन्नाटा- चित्रकूट में कौन है अवैध खनन का खिलाड़ी?

**खनन का रहस्यमयी खेल**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की सरजमीं पर इन दिनों अजब सा मंजर है- धूल हर ओर उड़ रही है, मगर उंगलियां सिर्फ एक ही नाम की तरफ उठ रही हैं। सोशल मीडिया के गलियारों में जगजीत सिंह का नाम यूं गूंज रहा है, मानो पूरे जिले का खनन उसी एक खदान में सिमट गया हो। लेकिन सवाल है कि क्या सचमुच अवैध खनन केवल एक ही स्थान पर हो रहा है, या फिर कई खदानों की कहानी को एक चेहरे के पीछे छुपा दिया गया है। मऊ तहसील के रेडी भुसौली बालू खदान को लेकर वायरल संदेशों में मानक विहीन खनन, सैकड़ों ओवरलोड वाहनों की आवाजाही और किसानों की बर्बाद होती फसलों की बात कही जा रही है, जहां लाल सोना बेखौफ बहने के आरोप हैं और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। लेकिन इस शोर के बीच एक गहरा सन्नाटा भी है- जिले की अन्य खनन साइटों पर, जहां पहले भी शिकायतें उठती रही हैं, पर अब चर्चा का केंद्र केवल एक नाम क्यों है। चचाओं में यह भी कहा जा रहा है कि बाजार में पहले से जमे खनन कारोबारियों के बीच नए खिलाड़ी के प्रवेश से हलचल बढ़ी है और दबाव बनाने की कोशिशें भी इस शोर का कारण हो सकती हैं। दूसरे लहजे में कहें तो, हर पत्थर पर इल्जाम नहीं होता, कुछ निशाने भी बनाए जाते हैं जनाब और जगजीत सिंह वही निशाना है। ऐसे में यह सवाल और गहराता है कि क्या यह महज अवैध खनन का मामला है या फिर प्रभाव और वर्चस्व की अदृश्य लड़ाई। चित्रकूट में अब खनन सिर्फ जमीन नहीं काट रहा, बल्कि सच्चाई और नैरेटिव के बीच की रेखा भी धुंधली कर रहा है।



वायरल वीडियो में खनन साइट जहां अवैध खनन के आरोप है।

### अवैध खनन या प्रशासनिक संरक्षण?

सूत्रों के अनुसार कुछ संगठनों ने रेडी भुसौली खदान प्रकरण को लेकर जगजीत सिंह के खिलाफ खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही खनिज अधिकारी पर फोन न उठाने और शिकायतों की अनदेखी करने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं, जिससे प्रशासनिक सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दिलचस्प यह है कि स्थानीय चचाओं में जगजीत सिंह को ऊपर से संरक्षण मिलने की बातें भी सामने आ रही हैं। इसी वजह से बाकी खनन वालों को जगजीत सिंह से ईर्ष्या है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या यह संरक्षण वैधता में बदल गया है, या फिर नियमों की अनदेखी हो रही है? मामले में पारदर्शी जांच और स्पष्ट जवाब अब बेहद जरूरी हो गया है।

## उद्योग विभाग द्वारा उद्यमिता प्रशिक्षण योजना, 31 मार्च तक आवेदन

**चित्रकूट।** जिले में बेरोजगारी से जूझ रहे अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए अब आत्मनिर्भर बनने का सुनहरा मौका सामने आया है। उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि उद्योग विभाग के माध्यम से युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें नए उद्यमी के रूप में तैयार किया जाएगा। 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग और न्यूनतम जूनियर हाईस्कूल योग्यता वाले अभ्यर्थी इस योजना के पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 31 मार्च तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## मानिकपुर में प्रशासन का डंडा चला, टॉप बकायेदारों से लाखों की वसूली

**मानिकपुर/चित्रकूट।** 25 मार्च को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के सख्त निर्देशन में चलाए जा रहे राजस्व वसूली अभियान ने मानिकपुर तहसील में जोरदार असर दिखाया। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) मुहम्मद जसीम के नेतृत्व में राजस्व टीम ने त्वरित रणनीति, घेराबंदी और विधिक दबाव का ऐसा संयोजन तैयार किया कि तहसील के टॉप-टेन सूची में शामिल दो बड़े बकायेदार-जगतपाल से 13 लाख और छत्रपाल से 11.61 लाख रुपये की पूरी वसूली कर ली गई। वर्षों से लंबित इस बकाए की वसूली ने प्रशासन की सख्ती का स्पष्ट संदेश दिया है। कार्रवाई के बाद अन्य बड़े बकायेदारों में हड़कंप मच गया है और वे भी भुगतान के लिए सक्रिय होते नजर आ रहे हैं। प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि सरकारी और बैंकिंग देयकों की वसूली में अब कोई ढिलाई नहीं होगी। आने वाले दिनों में कुर्की समेत कठोर वैधानिक कार्रवाई तेज होगी, जिससे राजस्व अभियान और अधिक धारदार रूप लेगा।

## न्यूज झरोखा

### गुमशुदा मूकबधिर बालक की पहचान के लिए प्रशासन ने की अपील



**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी ने एक मार्मिक अपील जारी करते हुए गुमशुदा मूकबधिर बालक को उसके परिवार तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की जरूरत बताई है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित लाडवा बाल देखरेख संस्थान में रह रहे इस बच्चे की फोटो जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस थानों, बाल संरक्षण इकाइयों और अन्य सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित की जा रही है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि इस तस्वीर को अधिक से अधिक साझा करें, ताकि खामोश मासूम की पहचान हो सके और वह अपने माता-पिता की गोद तक वापस पहुंच सके।

### सड़क सुरक्षा संवाद में चमका चित्रकूट, शहनाज बानो की आवाज ने लूटी महफिल




**चित्रकूट।** लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला ने जागरूकता का नया अध्याय लिख दिया। 24 से 25 मार्च तक चली इस दो दिवसीय कार्यशाला में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, एनसीसी और प्रशासनिक तंत्र की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ, जहां राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, परिवहन आयुक्त किंजल सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। चित्रकूट से शहनाज बानो, ललित यादव, राम दयाल और प्रेरणा यादव ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायी क्षण तब आया जब शहनाज बानो को उत्कृष्ट कविता पाठ के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग और शिक्षक संगठनों ने उन्हें बधाइयों से नवाजा, जिससे जिले का मान और बढ़ गया।

### नवरात्र विशेष अभियान में खाद्य विभाग ने लिए कई नमूने

**चित्रकूट।** जिले में चैत्र नवरात्र के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों पर सख्त शिकंजा कसते हुए व्यापक अभियान चलाया, जिससे बाजारों में हड़कंप मच गया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ और जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) शशांक त्रिपाठी के नेतृत्व में 19 से 24 मार्च तक चले इस विशेष अभियान में टीम ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 8 खाद्य नमूने संग्रहित किए। इनमें मिश्रित दूध, मूँगफली, साबूदाना, सेवई, सरसों का तेल और पेड़ा जैसे व्रत व दैनिक उपयोग के पदार्थ शामिल रहे। शिवरामपुर, मऊ बस स्टैंड, सीतापुर, कर्वी और मानिकपुर के दुकानदारों से लिए गए इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग की इस कार्रवाई से व्यापारियों में सतर्कता बढ़ी है, वहीं आम जनता को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का संदेश भी गया है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नाकर सिंह और विनय कुमार भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, योजनाओं की समीक्षा

**चित्रकूट।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को धार देने के लिए 25 मार्च को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ने सख्त संदेश दिया- लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आईपीडी बढ़ाने, भर्ती मरीजों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने और जरूरत पड़ने पर त्वरित रेफरल के निर्देश दिए गए। हर प्रसव को संस्थागत बनाने और एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहने पर जोर देते हुए एएनएम की कमी होने पर अतिरिक्त सत्र चलाने के आदेश दिए गए। आशा के रिक्त पदों को जल्द भरने के लिए डीपीआरओ के साथ समन्वय का निर्देश भी दिया गया। बैठक में खुलासा हुआ कि आरबीएसके टीम ने अप्रैल 2025 से अब तक क्लब फुट से पीड़ित 34 बच्चों का सफल उपचार किया है। उत्कृष्ट कार्य पर डॉ पवन कुमार सिंह, डॉ संदीप सिंह, फिजियोथेरेपिस्ट प्रदीप नामदेव और अनुष्का फाउंडेशन की ज्योति राव को सम्मानित किया गया। साथ ही 100 दिवसीय क्षय रोगी खोज अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए गए।

### 26 के साथ 27 मार्च को भी रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बड़ा फैसला लेते हुए राम नवमी पर अवकाश को दो दिन का बना दिया है। 26 मार्च के साथ अब 27 मार्च (शुक्रवार) को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित होगा। शासन की पूर्व अधिसूचना में संशोधन कर यह आदेश जारी किया गया, जिससे त्योहार की खुशियां दोगुनी हो गई हैं।

### मंदाकिनी किनारे छापेमारी, 500 किलो लहन नष्ट, एक अभियोग दर्ज

**चित्रकूट।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश तथा जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में संचालित हो रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने थाना कर्वी क्षेत्र के अंतर्गत मंदाकिनी नदी किनारे स्थित ग्राम मालकाना में संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान लगभग 500 किलोग्राम लहन बरामद किया गया, जिसे नियमानुसार मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अतिरिक्त 35 लीटर अवैध शराब भी जब्त की गई। इस संबंध में संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 (संशोधित) की प्रासंगिक धाराओं के तहत एक अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## डायट में गूंजा शिक्षा क्रांति का बिगुल, शिक्षक बने बदलाव के असली सूत्रधार




डायट चित्रकूट में दो दिवसीय शैक्षिक सेमिनार में मौजूद शिक्षक

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चित्रकूट का सभागार दो दिनों तक शिक्षा के नए दौर की गूंज से जीवंत रहा, जहां शिक्षक शिक्षा में बदलाव, समावेशी शिक्षा और ह्यराष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जबकि मुख्य अतिथियों ने शिक्षा के बदलते स्वरूप पर गहन विचार रखे। डॉ. रजनीश कुमार सिंह ने शिक्षक की भूमिका को ह्यज्ञान देने वालेह्न से ह्यसीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाने वालेह्न में बदलते स्वरूप पर जोर दिया। दूसरे दिन समावेशी शिक्षा और दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष चर्चा हुई, जिसमें यूनीवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग और संवेदी शिक्षण की अहमियत रेखांकित की गई। प्राचार्य बी.के. शर्मा ने इसे मानवीय दृष्टिकोण बताते हुए हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का संकल्प दोहराया। अंत में प्रमाण पत्र वितरण के साथ सेमिनार का समापन हुआ।

### चित्रकूट गौरव दिवस को लेकर प्रशासनिक बैठक सम्पन्न, जिम्मेदारियां तय

**चित्रकूट।** क्षेत्र को दीपों की अलौकिक आभा में नहलाने की तैयारी अब प्रशासनिक संकल्प का रूप ले चुकी है। 25 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार सोनेपुर में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक में चित्रकूट गौरव दिवस को भव्य बनाने का खाका खींचा गया। रामघाट को 29 सेक्टर और परिक्रमा मार्ग को 3 सेक्टर में विभाजित कर जिम्मेदारियां तय कर दी गईं। जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को छात्र-छात्राओं के माध्यम से रंगोली व आकृतियों से घाट को सजीव बनाने का दायित्व सौंपा गया है। हर सेक्टर में 15 वालंटियर दीप सजाने और प्रज्ज्वलन का कार्य संभालेंगे। नगर पालिका परिषद कर्वी द्वारा दीपों की आपूर्ति सीधे सेक्टर मजिस्ट्रेट को की जाएगी, जबकि परिक्रमा मार्ग पर मंदिर स्वयं दीप जलाएंगे। 27 मार्च को शाम 6:30 बजे छह इंच की दूरी पर लाखों दीप एक साथ प्रज्वलित होंगे, जो चित्रकूट को दिव्यता और भव्यता के चरम पर पहुंचाने का संदेश देंगे।

## 22 लाख दीपों से सजेगा चित्रकूट, सदगुरु परिवार रचेगा आस्था का महासागर



गौरव दिवस की तैसारियों पर बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जैसे ही 27 मार्च नजदीक आ रहा है, राम की तपोभूमि चित्रकूट एक बार फिर आस्था और प्रकाश के महासंगम में डूबने को तैयार है। चित्रकूट गौरव दिवस पर इस बार 22 लाख दीपों की रोशनी पूरे तीर्थ क्षेत्र को ऐसा आलोकित करेगी मानो आकाश के सितारे धरती पर उतर आए हों। इसी क्रम में सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने भी अपनी भव्य भागीदारी का ऐलान करते हुए 1 लाख 51 हजार दीप प्रज्ज्वलित करने का संकल्प लिया है। ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि भरतघाट, जानकीघाट, तुलसी मार्ग, चिकित्सालय परिसर और सतना मार्ग जैसे प्रमुख स्थलों पर दीपों की अनुपम छटा बिखेरी जाएगी। इसके लिए पांच विशेष टीमें गठित की गई हैं, जिनमें प्रत्येक में लगभग 300 सदस्य सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि चित्रकूट की पहचान और गौरव को विश्व पटल पर स्थापित करने का प्रयास है। पद्मश्री स्वर्गीय डॉ. बी.के. जैन की प्रेरणा से सदगुरु परिवार हर वर्ष इस आयोजन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेता रहा है, और इस बार भी दीपों की यह दीवाली एक नई मिसाल कायम करेगी।

### आईआईटी मद्रास टीम ने चित्रकूट में जल जीवन मिशन का किया आकलन

**चित्रकूट।** जिले में जल जीवन मिशन की हकीकत को परखने जब आईआईटी मद्रास की टीम गांवों में उतरी, तो नल से बहता पानी सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि बदली हुई जिंदगी की कहानी बनकर सामने आया। 24 मार्च को प्रोफेसर लिगी फिलिप, प्रो पवन लभासेतवार, डॉ गजल श्रीवास्तव समेत विशेषज्ञों ने रामनगर के सिलौटा मुस्तकिल योजना के तहत खजूरिया खुर्द में बने अवर जलाशय का निरीक्षण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। गलियों में घूमते हुए उन्होंने जाना कि कैसे नियमित जलापूर्ति ने महिलाओं की दिनचर्या और गांव की सेहत दोनों को बदल दिया है। इसके बाद मानिकपुर के मऊगुरदरी में गुंता डैम से जुड़ी योजना और अगरहुंडा के 29 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की बारीकी से जांच हुई, जहां क्लोरीनेशन से लेकर फिल्टर तक की प्रक्रिया को परखा गया। इंजीनियरों द्वारा दी गई जानकारी और जमीनी सच्चाई से संतुष्ट टीम ने मिशन की प्रगति पर खुशी जताई, जिससे साफ है कि अब पानी सिर्फ जरूरत नहीं, बदलाव की ताकत बन चुका है।

## नन्हे सितारों की चमक से जगमगाया मऊ ग्रेजुएशन दिवस बना यादगार उत्सव




**मऊ/चित्रकूट।** तहसील में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश करते हुए लंदन किड्स स्कूल में सोमवार को ग्रेजुएशन दिवस का भव्य आयोजन हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-मुन्नों ने जब मंच संभाला, तो उनकी मासूम अदाओं और शानदार प्रस्तुतियों ने हर किसी का मन मोह लिया और तालियों की गूंज से विद्यालय परिसर बार-बार गूंजता रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र पांडेय का स्वागत निदेशक डॉ. अर्चना राय ने किया, जबकि डॉ ओलंपिया के प्रभावशाली संचालन ने आयोजन में ऊर्जा बनाए रखी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा को सफलता की कुंजी बताया और विद्यालय के इस अभिनव प्रयास को क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया। डॉ पंकज मिश्रा सहित समस्त स्टाफ के सहयोग से संपन्न यह आयोजन मऊ क्षेत्र में अपनी तरह का पहला और यादगार कार्यक्रम साबित हुआ।

## तीन-तीन विभाग संभाल रहे एक लेखाकार, चित्रकूट में व्यवस्था पर बढ़ता दबाव

**चित्रकूट।** जिले में उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन की बैठक ने प्रशासनिक व्यवस्था की एक गंभीर हकीकत उजागर कर दी। लघु सिंचाई खंड कार्यालय में आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें हर्ष प्रसाद पांडेय अध्यक्ष और अजीमुद्दीन महासचिव चुने गए। लेकिन औपचारिक चुनाव से ज्यादा चर्चा उस संकट की रही, जो लंबे समय से विभाग को जकड़े हुए है। आकांक्षी जनपद होने के बावजूद अधिकांश विभागों में लेखाकारों के पद खाली पड़े हैं, जिससे एक-एक लेखाकार को दो से तीन विभागों का काम संभालना पड़ रहा है। बढ़ते कार्यभार के बीच न केवल काम की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि कर्मचारियों पर मानसिक दबाव भी लगातार बढ़ रहा है। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रिक्त पदों पर तैनाती नहीं हुई, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

## मऊ में खदान के पास हादसा आठ वर्षीय बच्ची की जान गई



घटना स्थल पर पहुंची नायब तहसीलदार पारुल सिंह

**मऊ (चित्रकूट)।** क्षेत्र के खण्डेहा ग्राम पंचायत अंतर्गत पियरिया मजरे में बुधवार सुबह खुशियों के बीच मातम पसर गया, जब महुआ बिनने गए परिवार की मासूम किलकारी हमेशा के लिए खामोश हो गई। संतोष कुमार की आठ वर्षीय पुत्री काव्या कोल खेलते-खेलते पास की पुरानी पत्थर खदान से बने पानी भरे नाले में जा गिरी। परिजन महुआ बटोरने में व्यस्त थे, लेकिन अचानक बच्ची नजर से ओझल हो गई। घबराए परिजनों ने जब खोजबीन शुरू की तो कुछ ही देर बाद मासूम नाले में पड़ी मिली। आनन-फानन में उसे निकालकर अस्पताल ले जाने की तैयारी की गई, पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही मऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चौकी इंचार्ज राहुल पांडे ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नायब तहसीलदार पारुल सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर सहायता का भरोसा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान का यह पानी भरा नाला लंबे समय से बच्चों के लिए जानलेवा खतरा बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदार अब तक बेपरवाह हैं।

## रामजन्म की गूंज में झूमा चित्रकूट, भक्ति में थिरके नर-नारी, गूंजे बधाई गीत



**चित्रकूट।** जिले के विद्याधाम विद्यालय प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा के छठवें दिन भक्ति का ऐसा सागर उमड़ा कि पूरा पंडाल ह्लजय श्रीरामह्व के जयघोष और बधाई गीतों से गूंज उठा। वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग सुनाते ही श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा में बताया गया कि आदिपुरुष मनु और शतरूपा की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने त्रेता युग में उनके पुत्र रूप में अवतार लेने का वरदान दिया, जो अयोध्या में राजा दशरथ के यहां श्रीराम के रूप में साकार हुआ। जैसे ही रामजन्म का प्रसंग आया, श्रद्धालु नर-नारी खुद को रोक न सके और भक्ति में झूमते हुए नृत्य करने लगे। कार्यक्रम की शुरूआत रूपल बहन द्वारा पूजन-अर्चन से हुई। संत-महंतों, श्रद्धालुओं और दूर-दराज से आए भक्तों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता प्रदान की।

## 450 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जिले में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए कोतवाली कर्वी पुलिस ने एक और कार्रवाई से तस्करों को कड़ा संदेश दिया है। इस विशेष अभियान के तहत खोह चौकी प्रभारी दारोगा रामकुमार दुबे व कांस्टेबल इन्दल कुमार की टीम ने कालूपुर पाही कलारन पुरवा निवासी श्यामलाल पुत्र रामबचन राजपूत को 450 ग्राम सूखा गांजा के साथ धर दबोचा। मुखबिर की सटीक सूचना पर हुई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से बरामद मादक पदार्थ ने इलाके में सक्रिय नेटवर्क की ओर भी इशारा किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया है। लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों से साफ है कि चित्रकूट पुलिस अब नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी तरह सक्रिय है।

## प्रेम, सेवा और समर्पण का महासंगम, निरंकारी समागम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** रेलवे ग्राउंड पराग डेयरी में आयोजित उत्तर प्रदेश प्रादेशिक निरंकारी संत समागम ने मानव एकता, प्रेम और आध्यात्मिक चेतना की ऐसी अलख जगाई कि पूरा वातावरण भक्ति और अनुशासन से सराबोर हो उठा। परम पूज्य सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य सान्निध्य में हजारों श्रद्धालु एक परिवार की तरह जुटे, जहाँ सेवा, समर्पण और सद्भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। समागम स्थल सुव्यवस्थित टेंट नगरी में तब्दील रहा, जहाँ स्वच्छता और अनुशासन मिसाल बने। युवा मंचों-एनवाईएफ और एनवाईएस-के माध्यम से खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आध्यात्मिक चचाओं ने युवाओं में नई ऊर्जा भरी। छः तत्व विषय पर प्रस्तुत स्किट और गीतों ने जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से जीने का संदेश दिया। सतगुरु माता जी ने प्रेम, दया और विनम्रता को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि सच्ची भक्ति ही आत्मा को शांति देती है। समागम का समापन मानवता, एकता और सत्य के मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।



# अमेरिका पर टूट पड़ा ईरान.. बीच युद्ध से हटा युद्धपोत, मची तबाही!

**ईरान**

**ईरान** ने अमेरिका की दो सबसे बड़ी ताकतों पर एक साथ चोट की है। बता दें कि दुनिया का सबसे एडवांस फाइटर जेट ऋ35 जिसे निशाना बनाए जाने का दावा है। वहीं दूसरा अमेरिका का सबसे ताकतवर एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड युद्ध के बीच से पीछे हट गया है और अगर यह दोनों ही बातें सच है तो बता दें कि यह सिर्फ एक खबर नहीं है बल्कि सुपर पावर अमेरिका को सीधी-सीधी चुनौती ईरान ने दी है। बता दें कि ऋ35 पर हमले की सच्चाई आखिरकार क्या है? एयरक्राफ्ट कैरियर आखिरकार पीछे क्यों हटाना पड़ा और क्या वाकई अमेरिका पर दबाव बढ़ रहा है? ईरान ने यह दावा किया है कि उसने दुनिया के सबसे एडवांस स्टेल्थ फाइटर ऋ35 को टारगेट किया है और इसका वीडियो भी ईरान ने जारी किया। लेकिन वहीं दूसरी तरफ अमेरिका का जो एयरक्राफ्ट कैरियर है यानी कि यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड जो इजराइल के पास तैनात था और अब यह दावे सामने आ रहे हैं कि अचानक इसे पीछे हटा दिया गया है और जैसे ही यह पीछे हटा इजराइल के हाईफा के पास में जो ऑयल रिफाइनरी थी उस पर हमला हो गया।

यह जो टाइमिंग है, यह टाइमिंग बहुत कुछ कहती है और इस टाइमिंग ने ही इस पूरे घटनाक्रम को और भी ज्यादा संदिग्ध बना दिया है। अब आप समझिए इस पूरे घटनाक्रम को। यह कैरियर इतना अहम क्यों है उसे भी। बता दें कि यह कैरियर जो है यह दुनिया के सबसे बड़े और एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर में से एक है। करीब बता दें कि इसकी इसका जो वजन है वो 1 लाख टन है और 90 तक फाइटर जेट ये अपने साथ में ले जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह न्यूक्लियर पावर से चलता है। और इस जैसे जहाज का युद्ध के बीच से हटना सिर्फ एक टेक्निकल खबर नहीं बल्कि यहां पर एक स्ट्रेटेजिक संकेत देने की भी कोशिश की गई है। जो रिपोर्ट्स सामने आई हैं और जो रिपोर्ट्स यहां पर दावा करती है, जो रिपोर्ट्स यहां पर कहती है उसके मुताबिक जहाज में आग लगने और टेक्निकल समस्या की वजह से इसे रिपेयर के लिए हटाया गया। अब आते हैं सबसे बड़े सवाल पर। ऋ35 पर ईरान का



हमला और ईरान का दावा।

ईरान ने यह दावा किया है कि हमने इसे मिसाइल से टारगेट किया और इसका वीडियो भी ईरान ने जारी किया। अमेरिका ने क्या कुछ रिएक्ट करा? तो बता दें कि अमेरिका का मानना है कि ऋ35 को इमरजेंसी लैंडिंग जरूर करनी पड़ी। लेकिन अमेरिका ने यह नहीं माना कि उसे गिराया गया। यानी डैमेज बिल्कुल कंफर्म है। लेकिन ऋ35 का शूटडाउन कंफर्म नहीं किया गया। वहीं ऋ35 बता दें कि कोई आर्म फाइटर जेट नहीं है। यह फिफ्थ जनरेशन का स्टेल्थ फाइटर है। रडार इसे पकड़ नहीं पाती है और यह दुश्मन को बिना दिखे हमला करने में सक्षम है। अगर यह जेट सच में टारगेट हुआ है तो यह अमेरिका की सबसे बड़ी टेक्नोलॉजी पर सीधा-सीधा ईरान का वार है।

अब सबसे दिलचस्प सवाल अगर F35 इनविजिबल है। यह दुश्मन के रडार पे नहीं पकड़ा जाता तो फिर ईरान ने इसे कैसे ट्रैक किया और फिर कैसे निशाना बनाया? एक थ्योरी यह कहती है कि ईरान ने हीट ट्रैकिंग सिस्टम का इस्तेमाल जरूर किया होगा इसे ट्रैक करने के लिए। अब ये सिस्टम क्या है? इसका मतलब यह है कि रडार से आप जरूर बच सकते हो लेकिन आपकी गर्मी से नहीं। और अगर सच में अगर इसे निशाना बनाया है तो आने वाले समय में स्टेल्थ टेक्नोलॉजी की पूरी परिभाषा जो है वो ही बदल सकती है। अब आप इस पूरे घटनाक्रम से बड़े खेल को समझिए। ईरान ये चाहता है कि युद्ध लंबा खींचे और अमेरिका को बहुत बुरी तरह से थकाया जाए। वहीं अमेरिका क्या कर रहा है? अमेरिका अपने कैरियर्स को जो है वो यहां पर रिप्लेस कर रहा है। नई फोर्सेस को मिडिल ईस्ट में भेज रहा है।

# ट्रंप की डेडलाइन खत्म, नाटो सहित 22 देश ईरान पर हमला करने के लिए निकले!

**इजराइल,**

**ईरान**, इजराइल, अमेरिका युद्ध में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। अब ऐसा लग रहा है कि इस जंग में नाटो कूदने वाला है। यह लड़ाई अब होर्मुज स्ट्रेट को लेकर होने वाली है। क्योंकि नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूटे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर हमले के फैसले को सही ठहराते हुए कह दिया है कि नाटो के सदस्य और दक्षिण कोरिया जापान जैसे सहयोगी देश होर्मुज स्ट्रीट में जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू करने के लिए मिलकर काम करेंगे। रूटे ने न्यूज संडे की एंकर शेरन ब्रम से बातचीत के दौरान कई अहम बातें कही हैं। मार्क रूटे ने कहा है कि 22 देशों का एक समूह जिसमें ज्यादातर नाटो के सदस्य हैं। लेकिन जापान, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड से लेकर यूएई और बहरीन तक के देश शामिल हैं। एक साथ आ रहे हैं ताकि यह पक्का किया जा सके कि हारमूस स्ट्रेट सुरक्षित रहे। जल्द से जल्द



जहाजों की आवाजाही खुल जाए। यह घोषणा ऐसे वक्त में हुई है जब चौतरफा तनाव बढ़ा हुआ है। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम तो वहीं दूसरी तरफ ईरान के पावर प्लांट को पूरी तरह से तबाह कर देने की धमकी। वहीं इसके जवाब में ईरान का भी पलटवार ये कहते हुए कि अमेरिका संरक्षित जितने भी जगह हैं उन तमाम देशों को वो निशाना बनाएंगे और वो भी भारी तबाही मचा देंगे और इन सबके बीच 22 देशों का एक साथ आना वो भी स्ट्रेट ऑफ हार्मोस के लिए ऐसा लगता है कि अब यह वर्ल्ड वॉर 3 बिल्कुल करीब आ चुका है और अगर नाटो देश मिलकर यह हमला करना शुरू करते हैं तो फिर अब आगे की कहानी क्या होगी? ईरान कैसे पलटवार करेगा? ईरान की रक्षा परिषद ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर जमीनी आक्रमण हुआ, तो वह पूरे फारस की खाड़ी में समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछा सकता है। रक्षा परिषद का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब तेहरान में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि अमेरिकी मरीन नौसैनिक क्षेत्र में तैनात किए जा सकते हैं। रक्षा परिषद ने कहा, ह्यह्यदुश्मन द्वारा ईरान के तटों या द्वीपों को निशाना बनाने का कोई भी प्रयास स्वाभाविक रूप से और स्थापित सैन्य प्रथाओं के अनुसार फारस की खाड़ी और तटीय इलाकों में पहुंच के सभी मार्गों को बारूदी सुरंगों से भर देने का कारण बनेगा।

# शैतान की एक और हार, ट्रंप के दावे को ईरान ने किया खारिज, कहा- डर से पीछे हट गए

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति के बातचीत वाले दावे को ईरान ने खारिज किया है। ईरानी दूतावास और सरकारी टीवी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हट गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा तेहरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने पर विराम लगाने की घोषणा के कुछ ही मिनट बाद, ईरानी सरकारी टेलीविजन ने कहा कि ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हट गए। काबुल स्थित ईरानी दूतावास ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य द्वारा ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर किसी भी अमेरिकी हमले की स्थिति में पूरे क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की धमकी के बाद, ट्रम्प पीछे हट गए और कहा कि उन्होंने हमले को स्थगित करने का आदेश जारी किया है। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि लड़ाई जारी है और शैतान



की एक और हार। ट्रंप और संयुक्त राज्य अमेरिका एक बार फिर पराजित हो गए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की कि दोनों देश पिछले दो दिनों से बातचीत कर रहे हैं और अमेरिका ईरानी ऊर्जा स्थलों पर पांच दिनों के लिए हमले रोकने पर सहमत हो गया है। तीन सप्ताह से अधिक समय से युद्धरत दोनों देशों के बीच हुई बातचीत को उन्होंने बहुत अच्छी और फलदायी बताया। अधिक विवरण दिए बिना उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में हमारी शत्रुता के पूर्ण और समग्र समाधान पर चर्चा की। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान ने पिछले दो दिनों में मध्य पूर्व में हमारी शत्रुता के पूर्ण और समग्र समाधान के संबंध में बहुत अच्छी और फलदायी बातचीत की है।

# ईरान जंग पर ब्रेक, ट्रंप का एलान- अगले 5 दिनों तक बिजली संयंत्रों पर हमलों को टालने का लिया फैसला



**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की कि दोनों देश पिछले दो दिनों से बातचीत कर रहे हैं और अमेरिका ईरानी ऊर्जा स्थलों पर पांच दिनों के लिए हमले रोकने पर सहमत हो गया है। तीन सप्ताह से अधिक समय से युद्धरत दोनों देशों के बीच हुई बातचीत को उन्होंने बहुत अच्छी और फलदायी बताया। अधिक विवरण दिए बिना उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में हमारी शत्रुता के पूर्ण और समग्र समाधान पर चर्चा की। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान ने पिछले दो दिनों में मध्य पूर्व में हमारी शत्रुता के पूर्ण और समग्र समाधान के संबंध में बहुत अच्छी और फलदायी बातचीत की है। उन्होंने फिर से बातचीत को गहन, विस्तृत और रचनात्मक बताया और कहा कि यह बातचीत पूरे सप्ताह जारी रहेगी। ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले पांच दिनों के लिए रोक दिए हैं। इस सप्ताह जारी रहने वाली इन गहन, विस्तृत और रचनात्मक वाताओं के स्वरूप और लहजे के आधार पर, मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि चल रही बैठकों और चचाओं की सफलता के अधीन, ईरानी बिजली संयंत्रों और ऊर्जा अवसंरचनाओं के विरुद्ध सभी सैन्य हमलों को पांच दिनों के लिए स्थगित कर दिया जाए।

# भारत-रूस की दोस्ती का नया अध्याय

**रूस**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को नई दिल्ली और मॉस्को के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि दोनों देश 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने ये बातें 'भारत और रूसः एक नए द्विपक्षीय एजेंडा की ओर' सम्मेलन को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहीं। विदेश मंत्री ने इस पहल के लगातार दूसरे संस्करण के लिए रूसी अंतर्राष्ट्रीय मामलों की परिषद और मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के प्रयासों की प्रशंसा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष वर्तमान वार्षिक व्यापार को 68.7 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक संतुलित और सतत तरीके से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" इस संबंध में उन्होंने कहा कि गैर-टैरिफ बाधाओं और नियामक अड़चनों को दूर करने के प्रयास जारी हैं।

संबंधों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक राजनीति में, भारत-रूस के सहयोग ने वर्षों से क्षेत्रीय और वैश्विक शांति को बढ़ावा दिया है। जयशंकर ने आगे कहा कि भारत और रूस के बीच विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी है। दशकों से, हमारे पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग ने क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति को आगे बढ़ाया है। आज की बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में, उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के कारण हमारा सहयोग और भी गहरा होता जा रहा है।



दिसंबर 2025 में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा ने कुशल पेशेवरों की आवाजाही, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा, समुद्री सहयोग, उर्वरक, सीमा शुल्क और वाणिज्य, शैक्षणिक और मीडिया सहयोग सहित विविध और नवीन क्षेत्रों को शामिल करते हुए नए आयाम स्थापित किए।

भारत के नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में रूस की साझेदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ह्लरूस नागरिक परमाणु ऊर्जा में हमारा अग्रणी भागीदार है और कुडनकुलम परमाणु परियोजना इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। भारत का लक्ष्य 2047 तक अपनी परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 100 गीगावाट तक बढ़ाना है, और मुझे विश्वास है कि परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए रूस में उसे एक विश्वसनीय भागीदार मिलेगा।

जयशंकर ने कला, योग, आयुर्वेद और संस्कृति के प्रति साझा सम्मान पर आधारित गहरे जन-संबंधों को भी याद किया और विश्वास व्यक्त किया कि कजान और येकातेरिनबर्ग में नए वाणिज्य दूतावास आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को और मजबूत करेंगे।

इस वर्ष भारत के ब्रिक्स की अध्यक्षता करने के साथ, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विकसित हो रही ।

# डोनाल्ड ट्रंप के अल्टीमेटम पर भड़का ईरान

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद, ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ वार्ता समाप्त हो गई है, और इस स्थिति को 'कड़वा अनुभव' और 'विश्वासघात' बताया। उन्होंने कहा कि हालिया संघर्ष ने अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक संबंधों को समाप्त कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्री ने एक्स पर एक संक्षिप्त वीडियो संदेश में ये टिप्पणियां कीं। दोनों पक्षों के बीच



भरोसे के 'बिल्कुल न के बराबर' होने की बात कहते हुए, अराघची ने कहा कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष ने कूटनीति के दरवाजे हमेशा के लिए बंद कर दिए हैं।

अराघची ने कहा कि अमेरिकियों के साथ बातचीत हमेशा के लिए खत्म हो गई है। हमले न करने के वादे के बाद एक कड़वा अनुभव और विश्वासघात। अमेरिकियों के साथ बातचीत की अब कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने हमले न करने के वादे से हमें धोखा दिया, और बातचीत में उल्लेखनीय प्रगति हासिल करने के बावजूद, उन्होंने हम पर हमला करने का फैसला किया।

ट्रंप का अल्टीमेटम और ईरान की प्रतिक्रिया

हालांकि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, लेकिन इसके जल्द समाप्त होने की संभावना नहीं है।

तीनों पक्ष एक-दूसरे के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और क्षेत्रीय ठिकानों को निशाना बनाना जारी रखे हुए हैं और हमलों को तेज करने की चेतावनी दे रहे हैं।

# ट्रंप आपको फायर किया जाता है

**ईरान**

**ईरान** के एक अधिकारी ने होर्मुज जलडमरूमध्य की समय सीमा नजदीक आने पर ट्रंप का मजाक उड़ाया। ईरान के खातम अल अनबिया मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने बढ़ते तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया है। जोल्फागरी ने ट्रंप का मजाक उड़ाते हुए कहा कि हे ट्रंप, यू आर फायर्ड! उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य पर समय सीमा नजदीक आने के मद्देनजर इस मुहावरे का अंग्रेजी में इस्तेमाल किया।

ईरान भर में हमले तेज होने से तेहरान और अन्य शहरों में विस्फोटों की आवाजें गूंज उठीं। तेहरान में ताजा विस्फोटों और हवाई हमले की सूचना मिली है, शहर के मध्य, पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में जोरदार धमाके सुने गए। अमेरिका और इजराइल द्वारा जारी हवाई हमलों के चलते कई अन्य क्षेत्रों से भी इसी तरह की खबरें आई हैं। बंदर अब्बास में एक रेडियो स्टेशन पर हमला हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। खोरमाबाद और उर्मिया के रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया गया, जिसके परिणामस्वरूप आम नागरिकों की जान गई। इस्फहान, कराज और अहवाज में भी विस्फोटों की सूचना मिली है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.: 9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# देखते हैं तुम हमें ईरान भेजोगे या हम तुम्हें इजरायल, पाकिस्तान में शुरू हुआ अलग ही खेल

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित इलाके में इस वक्त माहौल बेहद तनावपूर्ण है। वहां की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब किसी दुश्मन देश के खिलाफ नहीं, बल्कि खुद अपने ही देश के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर के खिलाफ आग उगल रहा है। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे धर्मगुरुओं के तेवर इतने तल्ख हैं कि उन्होंने सीधे तौर पर सेना को चुनौती दे डाली है। दरअसल, एक बयान ने पूरे देश में शिया और सुन्नी गुट के बीच विवाद खड़ा कर दिया है। वजह है पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर का स्टेटमेंट। जिनको ईरान से बहुत प्यार है वो वहीं चले जाए। ऐसा आसिम मुनीर ने रावलपिंडी में एक इफ्तार पार्टी के दौरान शिया धर्म गुरुओं से कहा है और यही स्टेटमेंट अब पाकिस्तान के लिए सिरदर्द बन गया है। शिया समुदाय से जुड़े लोग मुनीर को खरी-खोटी सुना रहे हैं और यह भी आरोप लगा रहे हैं कि पाकिस्तानी आर्मी अमेरिका के कहने पर देश की सरकार बदल देती है। माने पाकिस्तान जो बात खुद कभी नहीं मानता गुस्से में आए वहां के शिया धर्म गुरु ही जग जाहिर कर रहे हैं।

एक मौलाना ने बेहद ऊंचे स्वर में दहाड़ते हुए जनरल मुनीर को चेतावनी दी कि यदि पाकिस्तानी हुकूमत और सेना परोक्ष रूप से इजरायल का पक्ष लेती है, तो वहां की अवाम भी डंके की चोट पर ईरान के साथ खड़ी होगी। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि अब यह देखा जाएगा कि किसे सरहद के पार भेजा जाता है। सेना प्रमुख पर तंज कसते हुए दूसरे वक्ताओं ने कहा कि



मुनीर लोगों को ईरान जाने की सलाह देते हैं, लेकिन जनता का मानना है कि सेना प्रमुख की वफादारी इजरायल के प्रति है। मौलानाओं ने यहां तक कह दिया कि मुनीर इस काबिल भी नहीं हैं कि उन्हें किसी पाक जमीं पर दफन होने का मौका मिले। मौलाना ने चुनौती देते हुए कहा कि मैं आर्मी चीफ को ये पैगाम देता हूं... आसिम मुनीर अगर तुम खुलेआम इजरायल का साथ देते हो तो हम भी खुलेआम ईरान का साथ देंगे। देखते हैं तुम हमें ईरान भेजोगे या हम तुम्हें इजरायल भेजेंगे।

आपको बता दें कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयतुल्ला अली खामिनई की मौत के बाद पाकिस्तान में शिया समुदाय के लोगों ने अमेरिका और इजराइल के विरोध में प्रदर्शन किया था। कराची में यूएस एंबेसी के बाहर बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग जुटे थे। इस विरोध प्रदर्शन में कई जगहों से हिंसा की खबरें आई थी। 20 लोगों की मौत की भी खबर थी अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जिसके बाद पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने यह चेतावनी दी थी कि दूसरे देश की घटनाओं के आधार पर पाकिस्तान में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिया धर्म गुरुओं ने मुनीर की इस चेतावनी को दिल पर लगा लिया। उनका आरोप था कि ऐसा कहकर मुनीर शिया समुदाय पर हिंसा का सारा ब्लेम डाल रहे हैं। जिसके बाद मुनीर ने कहा कि अगर ईरान से इतना ही प्यार है तो वहीं चले जाए। इस स्टेटमेंट पर शिया धर्म गुरु भी भड़क गए हैं। शियाओं का कहना है कि जो पहले तीन खलीफा बने वो गलत तरीके से बने। अली को सुन्नियों ने चौथा खलीफा माना। जबकि शिया ने अपना पहला इमाम माना। खिलाफत की जगह शियाओं में इमामत मिली। और फिर इस तरह शियाओं के 12 इमाम हुए। पहले अली, दूसरे अली के बेटे हसन, तीसरे हुसैन। हुसैन अली के दूसरे बेटे थे। इन सबको सुन्नी भी मानते हैं। लेकिन खिलाफत और इमामत के विवाद में सुन्नी और शिया में मतभेद हो गए।